सुविचार

यह मत भूलें कि जो शरीर व मस्तिष्क ईश्वर ने विश्व के सबसे सफल व्यक्ति को दिया है, वही आपको भी दिया है। बस आपको उसका उपयोग कैसे करना है, यह आप तय करेंगे।

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक
गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।। ।।। निष्पक्ष कलम ।।। निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 17 अंकः 243 पेजः 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, रविवार 26 मार्च, 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com

राहुल बोले- सावरकर नहीं गांधी हूं, माफी नहीं मांगूंगा

कहा- मोदी और अडाणी पर सवाल पूछता रहूंगा, सांसदी छीनकर डरा नहीं सकते

गरीबों का सितारा

नई दिल्ली। 'सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है...', राहुल के इस बयान से जुड़े मानहानि केस में सूरत की कोर्ट ने गुरुवार दोपहर 12.30 बजे राहुल को 2 साल की सजा सुनाई थी। लेकिन 27 मिनट बाद जमानत दे दी। सजा के 26 घंटे बाद शुक्रवार को उनकी सदस्यता खत्म कर दी गई। 23 घंटे बाद शनिवार को राहुल, प्रियंका के साथ कांग्रेस ऑफिस पहुंचे और 28 मिनट मीडिया से बातचीत की। हिन्दुस्तान का लोकतंत्र खतरे में है... राहुल ने इसी लाइन के साथ अपनी बात की शुरूआत की। इसके बाद उन्होंने सवाल किया- अडाणी और मोदी का रिश्ता क्या है? उन्होंने केंब्रिज यूनिवर्सिटी में लोकतंत्र पर कही अपनी बात और सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है... वाले बयान पर सफाई भी दी। राहुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में 16 बार मोदी जी, 9 बार प्रधानमंत्री और 38 बार अडाणी का नाम लिया। उन्होंने आगे का प्लान भी बताया।

सवालः आप शहीदों के परिवार से आते हैं। आपकी दादी भी डिस्क्वालिफाई हुईं। जनता के बीच गईं। सत्ता में वापस आईं। आज के दौर में राहुल भी डिस्क्वालिफाई हो गए हैं। आपने तमाम मुद्दे उठाए। चीन का मुद्दा उठाया। क्या राहुल गांधी भी जनता के बीच में जाएंगे। और वही वापसी फिर से करेंगे?

राहुलः राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा में साढ़े चार महीने जनता के बीच रहे। ये मेरा काम है और करता जाऊंगा। आज के हिंदुस्तान में जो पहले राजनीतिक पार्टियों को सपोर्ट मिलती थी। मीडिया और बाकी संस्थानों से मिलती थी। अब नहीं मिलती है। तो विपक्षी पार्टियों के पास एक ही रास्ता है। जनता के बीच में जाने का।

सवालः भाजपा ने आप पर डइउ समुदाय के अपमान का आरोप लगाया है। इस पर आप क्या जवाब देंगे?

राहुल : आप मेरी भारत जोड़ो यात्रा में मेरी कोई भी स्पीच देख लीजिए। मैं वहां कह रहा हूं कि सब समाज एक है। सबको एकसाथ चलना चाहिए। भाई चारा होना चाहिए। नफरत, हिंसा नहीं होनी चाहिए। ये डइउ का मामला नहीं है, ये नरेंद्र मोदीजी और अडाणीजी के रिश्ते का मामला है। 20 हजार करोड़ रुपए, जो अडाणीजी को पता नहीं कहां से मिले। उसके बारे में मैं सवाल पूछ रहा हूं। उसका जवाब चाहिए। भाजपा ध्यान को भटकाने की कोशिश करती है। कभी डइउ की बात करेगी, कभी विदेश में दिए बयान की बात करेगी।

सवालः आपने कहा आप डरते नहीं हैं, लेकिन केंद्र सरकार के टारगेट पर हैं। पूरी मशीनरी आपके खिलाफ है। ऐसे में आपके सामने रास्ता क्या है?

राहुलः चाहे स्टेट हो कुछ भी हो। मैं सच्चाई को देखता हूं। मुझे और किसी चीज में रुचि नहीं है। मैं सच्चाई बोलता हूं। राजनीति में यह फैशनेबल बात नहीं है। मगर ये बात मेरे खून में है। मैं और कोई रास्ता निकाल ही नहीं सकता हूं। तो ये मेरा काम है। यही मेरी तपस्या है।

फसलों को बारिश-ओले से बचाएगा नया सिस्टम

किसानों को वॉट्सऐप से जोड़ेगा विभाग पांच दिन पहले पता चल जाएगा अलर्ट

गरीबों का सितारा

जयपुर। मार्च में 2-3 दौर में हुई बेमौसम बारिश ने राजस्थान के किसानों की फसलें तबाह कर दी हैं। बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। किसानों को मौसम की मार करीब-करीब हर साल झेलनी पड़ती है। अब मौसम विभाग का नया सिस्टम इस दिशा में मददगार साबित हो सकता है। मौसम केंद्र जयपुर ने वॉट्सऐप नेटवर्क के जरिए 10 लाख से ज्यादा किसानों को जोड़ने जा रहा है। इन्हें मैसेज के माध्यम से मौसम की सूचना दी जाएगी। बारिश-ओले का अलर्ट हो या खेती को प्रभावित करने वाली अन्य मौसमी गतिविधियां, किसानों को 4-5 दिन पहले ही चेतावनी मिल जाएगी। इस सिलसिले में जयपुर मौसम केंद्र में शनिवार को 'वेदर फोरकास्ट और अर्ली वार्निंग

सिस्टम' पर वर्कशॉप हुई। इसमें बताया गया कि हर ग्राम पंचायत पर बने कृषि सेवा केंद्र और कृषि विकास केंद्रों पर वॉट्सऐप ग्रुप बनाने का काम शुरू भी कर दिए हैं। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- इस वॉट्सऐप ग्रुप नेटवर्क पर हम प्रदेश के 10 लाख से ज्यादा किसानों को जोड़ने की योजना बना रहे हैं। ताकि उनको 4-5 दिन पहले ही आगामी मौसम की सूचना दी जा सके। वर्कशॉप में आपदा प्रबंधन एवं राहत मंत्री गोविंद राम मेघवाल भी मौजूद रहे।

लोगों में भ्रम है कि फोरकास्ट गलत साबित होते हैं

कार्यशाला में मौजूद मौसम केंद्र दिल्ली डिप्टी जनरल मैनेजर चरण सिंह ने बताया- अक्सर लोगों में ये गलतफहमी रहती है कि मौसम विभाग का अलर्ट सच नहीं होता। ज्यादा गर्मी और सर्दी को लेकर ये सबसे ज्यादा रहता है। हम जो भी फोरकास्ट (भविष्यवाणी) करते हैं, वो ग्लोबल लेवल पर मिले करंट डेटा और पुराने डेटा का एनालिसिस करके करते हैं। लॉन्ग रेंज फोरकास्ट (एक से लेकर 3 माह) तक की भविष्यवाणी इन डेटा पर ही निर्भर होती है। शॉर्ट या मीडियम रेंज फोरकास्ट की एक्यूरेसी पिछले 10-15 साल से बहुत ज्यादा सटीक होने लगी है।

राजस्थान की पहली वंदे भारत ट्रेन पहुंची अजमेरः मेंटेनेंस के बाद शुरू होगा ट्रायल; तीन-चार दिन टेस्ट होगी स्पीड

अजमेर। राजस्थान में चलने वाली वंदे भारत ट्रेन शनिवार सुबह 7 बजे अजमेर के मदार स्टेशन पहुंच गई है। यह चेन्नई से वाया चंदेरिया होते हुए अजमेर पहुंची। अब यहां मदार स्टेशन पर ट्रेन का मेंटेनेंस होगा। स्टेशन पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। इसके बाद अजमेर से दिल्ली के बीच ट्रायल होंगे। इस दौरान स्पीड की जांच की जाएगी। माना जा रहा है कि ट्रायल तीन से चार दिन तक चलेगा। ट्रायल में हेडक्वार्टर्स का स्टाफ मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल व अन्य स्टाफ साथ होगा। सीनियर डीसीएम विवेक रावत ने बताया- वंदे भारत का मदार

स्टेशन पर मेंटनेंस किया जाएगा। इसके बाद लगातार ट्रायल होंगे। ट्रायल के दौरान जो कमी रहेगी, उसे पूरी किया जाएगा। मेंटेनेंस व ट्रायल के बाद इसे सुचारू रूप से चलाया जाएगा।

दिल्ली से अजमेर के बीच होगा ट्रायल

रेलवे की ओर से जारी शेड्यूल के अनुसार, वंदे भारत का ट्रायल दिल्ली से जयपुर होते हुए अजमेर तक होगा। करीब हफ्तेभर ट्रायल के दौरान 72 के स्पीड से ट्रेन चलेगी। वंदे भारत दिल्ली से शाम 6 बजकर 10 मिनट पर चलेगी। पहला ठहराव गुरुग्राम 6:45 पर होगा। रेवाड़ी जंक्शन पर शाम 7 बजकर 35 मिनट पर पहुंचेंगे। अलवर में भी इसका दो मिनट का ठहराव दिया गया है। यहां रात 8 बजकर 25 मिनट पर यह ट्रेन पहुंचेगी।

दिल्ली दौरे को बीच में छोड़ जयपुर लौटे गहलोत

डॉक्टरों की हड़ताल पर हेल्थ मिनिस्टर, चीफ सेक्रेट्री के साथ की बैठक; अब आंदोलनकारियों के साथ होगी मीटिंग

गरीबों का सितारा

जयपुर। राजस्थान में राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में चल रही डॉक्टरों की हड़ताल को लेकर सीएम अशोक गहलोत ने गंभीरता दिखाई है। ?गहलोत दिल्ली दौरा बीच में छोड़कर शनिवार शाम को जयपुर पहुंचे। सीएम ने स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा और मुख्य सचिव उषा शर्मा सहित वरिष्ठ अफसरों के साथ बैठक की। सीएम ने मुख्य सचिव को डॉक्टरों के साथ बैठक करने के निर्देश दिए। अब देर रात मुख्य सचिव और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अफसर डॉक्टरों के साथ बैठक कर हड़ताल का समाधान निकालेंगे। सीएम अशोक गहलोत ने डॉक्टरों से हड़ताल खम कर काम पर लौटने की अपील की है। सीएम ने कहा कि राइट टू हेल्थ में डॉक्टरों के हितों का पूरा ध्यान रखा गया है। डॉक्टरों की मांगों को भी बिल में रखा गया है। डॉक्टरों

का हड़ताल पर जाना उचित नहीं है। पक्ष-विपक्ष ने सर्वसम्मति से यह बिल पास किया है।

शिकंजा कसने की तैयारी

राजस्थान में राइट टू हेल्थ बिल का विरोध कर रहे प्राइवेट डॉक्टरों और हॉस्पिटल्स पर सरकार शिकंजा कसने की तैयारी में है। सरकार ने प्रदेशभर के प्राइवेट हॉस्पिटल्स की डिटेल के साथ सूची मांगी है। इसके लिए सभी सीएमएचओ को लेटर जारी हो चुका है। सरकार को खूब पता है कि तमाम हॉस्पिटल्स नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। कोई आवासीय में हॉस्पिटल चला रहा है तो कोई बायो मेडिकल वेस्ट का ठीक से निस्तारण नहीं कर रहा है। सरकार को मिलने वाले टैक्स में भी बड़े पैमाने पर गड़बड़ी होती है। कई हॉस्पिटल्स तो नक्शे के अनुसार बने ही नहीं हैं। ऐसी बिल्डिंग को या तो सील किया जाएगा या गिरा दिया जाएगा। कुल मिलाकर सरकार इनकी कमियां निकालकर दबाव बनाने के प्रयास में है।

कोविड के बाद रियल एस्टेट बाजार में बूम

हाउसिंग बोर्ड का एक कमरे का फ्लैट 31.66 लाख रुपए में बिका; 2 साल पहले 9 लाख में भी नहीं बिका था

गरीबों का सितारा

जयपुर। राजस्थान में कोविड का प्रभाव खत्म होने के बाद अब अन्य मार्केट की तरह रियल एस्टेट सेक्टर में भी बूम आने लगा है। लोग हाउसिंग बोर्ड

के फ्लैट्स में ज्यादा दिलचस्पी ले रहे है। जिन फ्लैट्स को लोग आज से दो साल पहले 9 लाख रुपए में भी नहीं खरीद रहा था उस एक कमरे वाला फ्लैट के लिए अब 31.66 लाख रुपए तक की बोली लग गई है। हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर पवन अरोड़ा ने बताया का इस छोटे से फ्लैट के लिए इतनी बिड आना सही में चौंकाने वाला है। उन्होंने बताया कि जयपुर के प्रताप नगर सेक्टर 26 स्थित द्वारकापुरी योजना के 550 फ्लैट बुधवार नीलामी में बेचने के लिए रखे थे, जिसमें से 289 फ्लैट्स बिके है। इसमें 29 फ्लैट जो ग्राउण्ड फ्लोर पर थे वो सभी फ्लैट 15 लाख रुपए से लेकर 31.66 लाख रुपए के बीच बिके है।

कोविड में 9 लाख रुपए में भी कोई नहीं खरीद रहा था फ्लैट

कमिश्नर ने बताया कि इन फ्लैट्स को बेचने के लिए हाउसिंग बोर्ड ने कोविड काल में भी प्रयास किया था। तब इन फ्लैट्स को कोई 9 लाख रुपए में भी नहीं खरीद रहा था। लेकिन अब लोगों का रूझान वापस हाउसिंग बोर्ड के फ्लैट्स के लिए बढ़ने लगा है। उन्होंने बताया कि इस फ्लैट के लिए 5 से ज्यादा लोगों ने बोली लगाई थी, जिसमें नवीन कुमार शर्मा नाम के व्यक्ति ने सबसे ज्यादा 31 लाख 66,150 रुपए देकर खरीदा है।

पूर्वानुमान>	रवि	सोम	मंगल	बुध
अधिकतम>	27°c	29°c	29°c	29°c
19° न्यूनतम>	19°c	16°c	16°c	16°c

लेंगे ज्ञान... : आईपीएल मैचों से प्रदेश के होनहार खिलाड़ियों को होगा काफी फायदा

देश और विदेश के स्टार खिलाड़ियों से खेल की बारीकियों के बारे में सीखेंगे गुर

गरीबों का सितारा

जयपुर। अगले महीने से जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित होने वाले आईपीएल मैच प्रदेश के होनहार खिलाड़ियों के लिए भी काफी फायदेमंद साबित होंगे क्योंकि इस प्रतियोगिता में देश और विदेश के अनेकों अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट प्लेयर हिस्सा ले रहे हैं और अलग-अलग टीमों में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो अपने अपने देश के लिए वर्तमान में खेल रहे हैं इसलिए जब भी कोई टीम यहां पर अपने तय कार्यक्रम के अनुसार आईपीएल का मैच खेलने के लिए जयपुर आती है तो आईपीएल की टीमें प्रदेश के होनहार खिलाड़ियों के साथ काफी समय बिताती है इतना ही नहीं अभ्यास के दौरान भी प्रदेश के प्रतिभावान क्रिकेट खिलाड़ियों को आईपीएल की टीम के साथ अभ्यास के लिए मौका दिया जाता है, प्रदेश के प्रतिभाशाली होनहार खिलाड़ी इन आईपीएल की टीमों के खिलाड़ियों के साथ काफी देर तक बॉलिंग और बैटिंग की प्रैक्टिस करने के साथ-साथ फील्डिंग की प्रैक्टिस भी करते हैं इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय प्लेयर अभ्यास सत्र के दौरान ही इन होनहार खिलाड़ियों के साथ काफी समय तक क्रिकेट की बारीकियों के बारे में चर्चा कर उन्हें क्रिकेट के खेल के आवश्यक टिप्स भी देते है ' एक अंतरराष्ट्रीय प्लेयर के साथ काफी समय बिताने से एक तरफ जहां प्रदेश के होनहार खिलाड़ियों के उत्साह और जोश में वृद्धि होती है तो दूसरी तरफ उन्हें क्रिकेट की बारीकियों के बारे में भी काफी कुछ सीखने को मिल जाता है ' जानकारी के अनुसार आईपीएल मैच के दौरान भी स्कूल के होनहार क्रिकेट प्लेयर स्टेडियम की बाउंड्री लाइन के चारों ओर खड़े कर दिए जाते हैं जिसके फलस्वरूप जब भी बाउंड्री लाइन पर कोई अंतर्राष्ट्रीय प्लेयर फील्डिंग के लिए तैनात किया जाता है तो स्कूली होनहार क्रिकेट प्लेयर उनसे ऑटोग्राफ लेने के साथ-साथ क्रिकेट की बारीकियों के बारे में भी टिप्स लेते देखे गए हैं जयपुर में आईपीएल के पांच मैच अलग-अलग टीमों के साथ खेले जाएंगे ' राजस्थान रॉयल्स की टीम के साथ पांच अलग-अलग टीमें जयपुर में मैच खेलेगी ' राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी अंतरराष्ट्रीय प्लेयर संजू सैमसन कर रहे हैं और राजस्थान रॉयल्स की टीम में भी देश और विदेश के कई अंतर्राष्ट्रीय प्लेयर हैं इसके अलावा जिन पांच टीमों के साथ राजस्थान रॉयल्स के मैच प्रस्तावित हैं उन सभी पांचो टीमों में देश और विदेश के ख्याति नाम खिलाड़ी मौजूद हैं जो वर्तमान में भी अपने अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं इसलिए इन मैचों के आयोजन के दौरान जयपुर में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का जमावड़ा लगा रहेगा जो प्रदेश के होनहार खिलाड़ियों के लिए सबसे ज्यादा फायदेमंद साबित होगा ' जानकारों का कहना है कि विगत 4 साल से जयपुर में आईपीएल मैच नहीं हो पा रहे थे कोरोना महामारी की वजह से आईपीएल के मैच नहीं हो पाए लेकिन अगले माह आयोजित होने वाले आईपीएल मैचों को लेकर प्रदेश के होनहार खिलाड़ी भी काफी उत्सुक और बेताब हैं क्योंकि यह उनके लिए एक सपने जैसा साबित होगा जब वह अपनी आंखों के सामने किसी अंतरराष्ट्रीय प्लेयर को बिल्कुल नजदीक देखेंगे ही नहीं बल्कि उनके साथ मैच प्रैक्टिस भी करेंगे तो निश्चित रूप से होनहार खिलाड़ियों के खेल में भी काफी निखार आएगा जिसकी वजह से क्रिकेट में उनका भविष्य उज्जवल हो सकेगा।

डॉक्टर सीपी जोशी के पद चिन्हों पर चल रहे हैं "वैभव गहलोत"

वर्तमान में विधानसभा के अध्यक्ष डॉक्टर सीपी जोशी पूर्व में राज्य क्रिकेट संघ के अध्यक्ष रह चुके हैं जोशी जब राज्य क्रिकेट संघ के अध्यक्ष थे उस समय प्रदेश की टीम ने रणजी ट्रॉफी जीती थी जोशी के कार्यकाल में प्रदेश में क्रिकेट और क्रिकेटरों की काफी तरक्की हुई थी जोशी खुद क्रिकेट के काफी शौकीन है इसलिए उन्होंने प्रदेश की क्रिकेट को काफी आगे बढ़ाया बाद में जब वैभव गहलोत राज्य क्रिकेट संघ के अध्यक्ष बने तो गहलोत डॉक्टर सीपी जोशी से इतने प्रभावित हैं कि उन्होंने सीपी जोशी को राज्य क्रिकेट संघ का संरक्षक तक नियुक्त कर दिया है और वैभव गहलोत को जब भी क्रिकेट और क्रिकेटरों के विकास और कल्याण के लिए किसी विषय पर सलाह और मशविरा लेना होता है तो डॉक्टर सीपी जोशी से जरूर सलाह लेते हैं ' खुद डॉक्टर सीपी जोशी भी वैभव गहलोत को काफी लाइक करते हैं इसलिए जोशी के दिशा निर्देशन में वैभव गहलोत प्रदेश की क्रिकेट और क्रिकेटरों के विकास और कल्याण में अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे यह वैभव गहलोत की जादूगरी का ही परिणाम है कि 4 साल बाद जयपुर में आईपीएल मैचों का आयोजन होने जा रहा है।

पंचाग

गरीबों का सितारा — निर्भीक कलम, निष्पक्ष आवाज

दिनांक 26 मार्च 2023 रविवार
विक्रम संवत2080चैत्र शुक्ल पक्ष

तिथि	पंचमी	16:32:22
पक्ष	शुक्ल	
नक्षत्र	कृत्तिका	13:59:58
योग	प्रीति	23:30:48
करण	बालव	16:32:21
करण	कौलव	28:54:26
चन्द्र राशि	वृषभ	
सूर्य राशि	मीन	
दिशा शूल	पश्चिम	
सूर्योदय(जयपुर)	06:25:58	
सूर्यास्त	18:39:33	
चंद्रोदय	09:20:16	
चंद्रास्त	23:33:34	
राहू काल	17:08-18:40	
अभिजित	12:09-12:58	
शुभ चोघडिया		
चर	07:58-09:29	शुभ
लाभ	09:29-11:01	शुभ
अमृत	11:01-12:33	शुभ
शुभ	14:04-15:36	शुभ

विशेष जानकारी:-
श्रीपंचमी:-आज
स्कंद षष्टि:-कल

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

15 वीं ऑल इंडिया रेलवे हेन्डबाल (महिला एवं पुरूष) चैम्पियनशिप 2023 के. पी. सिंह स्टेडियम में प्रारंभ

वेद प्रकाश, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, उत्तर पश्चिम रेलवे ने किया शुभारंभ

गरीबों का सितारा

जयपुर। उत्तर पश्चिम रेलवे खेलकूद संघ जयपुर द्वारा 15 वीं ऑल इंडिया रेलवे हेन्डबाल (महिला एवं पुरूष) चैम्पियनशिप 2023 का दिनांक 25 से 28 मार्च तक के. पी. सिंह स्टेडियम, गणपति नगर, जयपुर में आयोजन किया जा रहा है। इस चैम्पियनशिप का शुभारंभ आज वेद प्रकाश, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, उत्तर पश्चिम रेलवे ने किया। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार 15 वीं ऑल इंडिया रेलवे हेन्डबाल (महिला एवं पुरूष) चैम्पियनशिप 2023 में उत्तर रेलवे, पश्चिम रेलवे, दक्षिण मध्य रेलवे, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे, उत्तर पश्चिम रेलवे, रेलवे बोर्ड, डीजल लोकोमोटिव वर्क्स की हैन्डबाल टीमें भाग ले रही है। चैम्पियनशिप में 8 पुरूष और 5 महिला वर्ग की टीमों के 112 पुरूष व 65 महिला खिलाड़ी भाग ले रहे है। उद्घाटन मैच में पुरुष वर्ग में उत्तर पश्चिम रेलवे ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को 15-5 से पराजित किया। शुभारंभ के अवसर पर सुनील गुप्ता, सीपीटीएम व उपाध्यक्ष-उत्तर पश्चिम रेलवे खेलकूद संघ, अनुज कुमार तायल, उपमहाप्रबंधक (सामान्य) व महासचिव-उत्तर पश्चिम रेलवे खेलकूद संघ सहित अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

शाहपुरा ब्लॉक में विश्व क्षयरोग (टीबी) दिवस मनाया गया : दिलीप कुमार शर्मा

गरीबों का सितारा

जयपुर। शाहपुरा ब्लॉक के राजकीय सीनियर सैकंडरी स्कूल बिदारा एवं चिमनपुरा मे विश्व क्षयरोग टीबी दिवस मनाया गया। स्कूल में उपस्थित सभी छात्र छात्राओं एवं अध्यापकों को क्षयरोग (टीबी) से होने वाले आर्थिक एवं पारिवारिक नुकसान के बारे में अवगत कराया गया। छात्र छात्राओं मे टीबी बीमारी के प्रति जागरूकता पैदा की। जिस से गांव समाज में होने वाले इस नुकसान से बचा जा सके। वहा पर उपस्थित सभी छात्र छात्राओं और अध्यापकों उत्साह देखा गया और छात्रों को टीबी की जागरूकता के लिए शपथ दिलाई गई की हम सभी इस भयानक बीमारी से स्वयं को परिवार को और पूरे समाज को बचाने की कोशिश करेंगे। जिस से की ये बीमारी पूरे विश्व से खत्म की जा सके। छात्र छात्राओं को एनटीईपी संस्था के द्वारा टीबी स्लोगन स्लेट पैड और बिस्कुट वितरण किया गया। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद शर्मा ने बताया कि हमे अगर पूरे समाज का इस जागरूकता कार्यक्रम में साथ मिले तो हम टीबी रोग को जड़ से खत्म करने में कामयाबी हासिल कर सकते हैं। सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर डॉ हीरालाल शर्मा ने बताया कि पूरे ब्लॉक में टीबी काउंसलर दिलीप कुमार शर्मा ने जीत प्रोग्राम के द्वारा टीबी रोगी के सभी घरवालों की टीबी से रोकथाम के लिए टीपीटी की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है। जो की शाहपुरा ब्लॉक के सभी टीबी रोगियों के घरों मे एक एक करके पहुंचाई गई है। कोऑर्डिनेटर दिलीप शर्मा ने बताया कि मेरा लक्ष्य सिर्फ शाहपुरा ब्लॉक ही नहीं बल्कि मेरा पूरा समाज है जो भी टीबी का रोगी समाज में है मै उस रोगी से खुद जाकर उसका हौसला बढ़ाता हूं और उसके पूरे परिवार को टीबी रोग से बचने के लिए उनको टीपीटी भी उपलब्ध करवाता हूं और आगे भी करवाता रहूंगा । इस दौरान ब्लॉक की सभी आशा कार्यकताओं एएन.एम और कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर भी इस जागरूकता अभियान में साथ रहे हैं। और टीबी रोगियों को हर एक सुलभ उपाय बता रहे हैं। दिलीप शर्मा ने बताया की हम टीबी रोगि के घरवालों का निशुल्क जांच और निशुल्क टीपीटी उपलब्ध करवाते हैं। हमारी स्टेट लीडर डॉ पूनम अरोड़ा द्वारा संचालित जीत प्रोग्राम जिसे वह खुद देख रही हैं। इस मौके पर छात्र छात्राओं अध्यापक बीसीएमओ विनोद शर्मा एसटीएस हीरालाल शर्मा और टीबी काउंसलर दिलीप कुमार शर्मा तथा पूरे ब्लॉक के सीएचओ मौजूद रहे।

भाजपा नेता शक्ति सिंह ने नवनियुक्त भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी से की मुलाकात

गरीबों का सितारा

दांतारामगढ़ (विनोद धायल)। दांतारामगढ़ क्षेत्र से अनेक भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी नवनियुक्त भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी को बधाई देने दिल्ली आवास गए। भाजपा नेता शक्ति सिंह अलोदा ने चित्तौड़ के सांसद सी.पी.जोशी को भाजपा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष बनाये जाने पर दिल्ली स्थित निवास पर जाकर मुलाकात की और गुलदस्ता भेंट देकर शुभकामनाएं प्रेषित की।

राजस्थान विश्वविद्यालय का 18वां अतंर्राष्ट्रीय यूथ फेस्टिवल

इस बार बाहर की यूनिवर्सिटी के पार्टिसिपेंट्स को घुमाया जाएगा जयपुर शहर

जयपुर। (विनोद धायल)। 2020 के बाद अब होगा घूमर फेस्ट ऊरह डॉ नरेश मालिक ने बताया कि 5 व 6 अप्रैल को राजस्थान विश्वविद्यालय के घूमर पंडाल में आयोजिय होगा। वहीं 7 अप्रैल को बाहर की यूनिवर्सिटी के पार्टिसिपेंट्स को घुमाया जाएगा। 35 तरह के अलग-अलग प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। मोनो एक्टिंग,डांस, म्यूजिक, नुक्क्ड़ नाटक,रंगोली,डिबेट,मिस्टर मिस घूमर अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। यूथ फेस्ट की तरह घूमर में भी ऑन था स्पॉट होगीं एंट्री। जिससे विद्यार्थियों को आसानी रहेगी। कार्यक्रम में यूथ फेस्टिवल में प्रथम और द्वितीय रही टीमों को सीधे एंट्री होगी। डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर की ओर से अंतरराष्ट्रीय रूप देने के लिए अन्य यूनिवर्सिटी को भी टीम भेजने के लिए पत्र भेजना शुरू कर दिए है। कार्यक्रम के लिए कंवीनर प्रो.अंजलीका शर्मा को-कन्वीनर डॉ अमिता राज गोयल,एसोसिएट ऊरह डॉ दीपा मोरदिया,डॉ श्वेता खंडेलवाल,डॉ संजू चौधरी,डॉ चित्रा चौधरी,डॉ वीरेंद्र सिंह,डॉ आशु राम समेत छात्र कॉर्डिनेटर व वॉलिंटियर्स भूमिका निभाएंगे। शुक्रवार को छात्रसंघ प्रतिनिधिओं की मीटिंग हुई जिसमें अध्यक्ष निर्मल,उपाध्यक्ष अमीषा,महसचिव अरविंद जाजड़ा,स्टूडेंट्स इवेंट कॉर्डिनेटर कुश कुमार शर्मा मौजूद रहे।

मंत्री जूली का जनता दरबार, समस्याओं का समाधान पाकर खिले फरियादियों के चेहरे

गरीबों का सितारा

युवराज शर्मा, अलवर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा कारागार वर विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने शनिवार को मोती डूंगरी स्थित कार्यालय में जनसुनवाई की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निदेर्शानुसार आमजन की समस्याओं के निस्तारण के लिए अलवर व जयपुर मुख्यालय पर नियमित रूप से जनसुनवाई की जा रही है। जनसुनवाई में जिले व प्रदेश से आए लोगों की समस्याओं का समाधान करने की दिशा में विभागीय अधिकारियों को लगातार निर्देश दिए जा रहे है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने बताया कि समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र प्रदेश के लोगों के लिए नियमित रूप से जनसुनवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कुशल नेतृत्व एवं प्रबन्धन में राज्य सरकार प्रदेशवासियों के जनकल्याण के लिए निरंतर उल्लेखनीय कार्य कर रही है। राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक तबके के लोगों को मिल सके इस उद्देश्य से जनसुनवाई की जा रही है। उन्होंने समाज कल्याण विभाग के अतिरिक्त निदेशक रविकांत को निर्देश दिए की पालनहार, विधवा पेंशन ,छात्रवृत्ति, वृद्धावस्था पेंशन, एकलनारी एवं दिव्यांगों के लिए विभाग की योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से जनसुनवाई में ही पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाये।

जोशी को प्रदेशाध्यक्ष बनने पर पर बुके भेंटकर शुभकामनाएं देती हुई सुषमा यादव

जयपुर। राजस्थान में फिर एक बार भाजपा ने ब्राह्मण चेहरे चितौड़गढ़ से सांसद सीपी जोशी को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया। जिससे कार्यकताओं में जोश है क्योंकि आगामी विधानसभा से पहले परिवर्तन होना और नया चेहरा लाना कार्यकताओं में उमंग की लहर है इसको लेकर जोशी के दिल्ली स्थित आवास पर कार्यकताओं की काफी भीड़ है कार्यकर्ता अलग अलग अंदाज में स्वागत कर रह रहे है इसको लेकर चौमू विधानसभा से सुषमा यादव ने गुलदस्ता भेंट कर शुभकामनाएं दी। और बताया कि संगठन में नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष से जोशी के नेतृत्व में कीर्तिमान हासिल करेंगे और आगामी विधानसभा चुनावों के परिणाम भाजपा के पक्ष में पूर्ण बहुमत से हासिल करेंगे। इस दौरान विधानसभा चाकसू भाजपा मीडिया प्रभारी शुभम शर्मा राडोली सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

राजस्थान सीनियर वुशू टीम ने ओवरआल टीम चैंपियनशीप का खिताब जीत कर रचा इतिहास

अभिजीत एसवाल ने स्वर्ण पदक जीता

गरीबों का सितारा

जयपुर। भारतीय वुशू संघ के तत्वावधान में दिनांक 20 से 24 मार्च 2023 तक जालंधर में आयोजित हुई 6ङ्क फेडरेशन कप (पुरुष/महिला) वुशू प्रतियोगिता में राजस्थान वुशू टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 स्वर्ण, 9 रजत व 11 कांस्य पदक के साथ ओवरआल टीम चैंपियनशीप का खिताब जीत कर इतिहास रचा। हीरानन्द कटारिया अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ ने बताया की राजस्थान वुशू के इतिहास में राजस्थान सीनियर वुशू टीम ने पहली बार ओवरआल टीम चैम्पियनशीप का खिताब जीता है। अध्यक्ष के अनुसार पदक विजेता खिलाडियों के विवरण इस प्रकार हैः स्वर्ण पदक विजेता झ्र 70 किलोग्राम भारवर्ग अंजू लाखलन, विंग चुंग अभिजीत एसवाल, फ्लेक्सिबल वेपन मंकुर शर्मा, गुनशु बलवंत सिंह, ड्यूल इवेंट आशा व मीनू सोनी, ग्रुप इवेंट में नक्षत्र, देवराज, गुरवीर सिंह, तुषार, कुशाल, लोकेन्द्र सिंह, आशा, अंशुल, मीनू सोनी, बलवंत सिंह, गुलशन रजत पदक विजेता : 52 किलोग्राम भारवर्ग में जोगेंद्र सिंह, 75 किलोग्राम भारवर्ग में चिरांगी चौहान, फ्लेक्सिबल वेपन में देवराज सैनी, डबल वेपन में गुरवीर सिंह, अंशुल, सिंगल वेपन में लोकेन्द्र सिंह, जियानशु में कुशल, कीयांशु में आशा, ड्यूल इवेंट में बलवंत व नक्षत्र। कांस्य पदक विजेताः 75 किलोग्राम भारवर्ग नरेन्द्र सिंह, 80 किलोग्राम भारवर्ग विश्वजीत एसवाल, 90 किलोग्राम भारवर्ग से अधिक में गौरव चौधरी, 48 किलोग्राम भारवर्ग में दिव्या यादव, 65 किलोग्राम भारवर्ग मंजू चौधरी, नानक्वान अश्विन, ताईची क्वान तुषार सैनी, गुलशन, बग्वाजांग मीनू सोनी, डबल वेपन अंशुल, चांग क्वान में बलवंत सिंह ने पदक जीते। प्रतियोगिता के पदक विजेता सभी खिलाडियों व ऑफिसियल को लालचंद कटारिया, मुख्य संरक्षक राजस्थान वुशू संघ, राजाराम मील, संरक्षक राजस्थान वुशू संघ, गोपाल सैनी, संरक्षक, राजस्थान वुशू संघ, श्री के. सी. घुमरिया, चेयरमैन, राजस्थान वुशू संघ, श्रीमती ममता वर्मा महासचिव राजस्थान वुशू संघ ने बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की ।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

बस्सी विधानसभा क्षेत्र से 2 अप्रैल को अनुसूचित जाति और जनजाति की महापंचायत में हजारों लोग होंगे शामिल

गरीबों का सितारा

बस्सी (रामफूल मीणा)। शनिवार को बस्सी विधानसभा क्षेत्र में के.सी. घुमरया के नेतृत्व में 2 अप्रैल 2023 रविवार को अधिकार दिवस पर अनुसूचित जाति और जनजाति के द्वारा आयोजित होनेवाली महापंचायत को लेकर पीले चावल बांटे गए और लोगों से 2 अप्रैल को होनेवाली महापंचायत में पहुंचने की अपील की और इस दौरान ग्रामीणों के द्वारा उनका माला पहनाकर और साफा बंधवाकर स्वागत सम्मान किया गया इस दौरान के.सी.घुमरीया और राजस्थान विश्वविद्यालय की पुर्व छात्रसंघ अध्यक्ष पुजा वर्मा ने बताया कि भारत बंद 2018 के आंदोलन एवं कांकरी डुंगरी प्रकरण (सितम्बर 2020) में दर्ज मुकदमों को राजस्थान सरकार द्वारा वापस करने और जनगणना वर्ष 2011 के अनुसचित जाति का आरक्षण 16 से 18 प्रतिशत और जनजाति का आरक्षण 12 से 14 प्रतिशत और टीएसपी क्षेत्र में अनुसूचित जाति का आरक्षण 5 से 16/18 प्रतिशत एवं अनुसूचित जनजाति का आरक्षण 45 परतिशत से वास्तविक जनसंख्या के अनुपात में राजस्थान सरकार द्वारा करने हेतु कि मांगों को लेकर मानसरोवर ग्राउंड शिप्रा पथ थाने के सामने जयपुर में आयोजित होगी इस दौरान शंकर लाल मीणा कानेठा,मनोहर लाल मीणा उपाध्यक्ष आदिवासी कर्मचारी विकास समिति बस्सी, मुकेश महर जेविविएनएल बस्सी, कैलाश चन्द मीणा बड़वा ,राजेश मीणा ए.आर .ओ बस्सी, धर्मपाल मीणा बस्सी, अखिलेश मीणा, बस्सी, शंकर लाल मेवाल श्यामपुरा,दयाराम मीणा युवा नेता बस्सी, प्रकाश मीणा जमवारामगढ़ सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

जैन सोशल ग्रुप अजमेर द्वारा विराट कवि सम्मेलन का आयोजन आज

गरीबों का सितारा

अजमेर/ब्यावर (अनिल सिखवाल)। भगवान महावीर के 2621वें जन्मकल्याणक और अजमेर के 911वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर जैन सोशल ग्रुप अजमेर द्वारा विराट कवि सम्मेलन का आयोजन आज रविवार को शाम 7 बजे आंतेड़ जैन छतरी मन्दिर प्रांगण में किया जाएगा कार्यक्रम संयोजक प्रदीप पाटनी और मनोज जैन ने बताया कि इस विशाल कवि सम्मेलन में प्रसिद्ध कवि धौलपुर से रामबाबू सिकरवार, केकड़ी से बुद्धि प्रकाश दाधीच, नीमच से सुमित्रा सरल, दिल्ली से प्रकाश फौजदार सहित कई कवि भाग लेंगे जैन सोशल ग्रुप की अध्यक्ष रूपश्री जैन ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मेन्द्र सिंह राठौड़, चेयरमैन, राजस्थान पर्यटन विकास निगम रहेंगे। इसमें जैन समाज के लोगों के साथ ही अन्य समाज के लोग भी हिस्सा ले रहे है। साथ ही प्रशासनिक, सामाजिक व राजनीति से जुड़े हुए लोग भी इसमें शिरकत करेंगे। उपाध्यक्ष प्रदीप पाटनी के अनुसार रविवार को ग्रुप की जनरल मीटिंग के साथ रूपश्री जैन का अध्यक्षीय उद्बोधन होगा। इस अवसर पर अजमेर स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर एक डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की जाएगी। जिसमे अजमेर के इतिहास, प्राकृतिक सौंदर्य, संस्कृति, पर्व आदि के बारे में बताया जाएगा। उल्लेखनीय है कि रूपश्री ने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में ग्रुप को बहुत ऊंचाई तक पहुंचाया। कई सोशल चैरिटी व धार्मिक आयोजनों में भाग लिया। ग्रुप के द्विवार्षिक गतिविधियों में मुख्य रूप से ग्रुप द्वारा कोरोना वेक्सिनेशन, चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना व आर टी पी सी आर टेस्ट के लिए एक ही छत के नीचे कैम्प लगाया, जिसमें 250 से ज्यादा लोग लाभांवित हुए।

नेहरू युवा केन्द्र द्वारा जी-20 में भारत की अध्यक्षता विषय पर जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन

गरीबों का सितारा

रायला/ मुकेश जाट। क्षेत्र के सरेरी बांध में आयोजित कार्यक्रम नेहरू युवा केंद्र हुरडा के ब्लॉक अध्यक्ष मनफुल चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद सुभाष चंद्र बेहेड़ीया रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला रेडक्रॉस सोसायटी सचिव रमेश चंद्र मुंदडा,विशिष्ट अतिथि जिला युवा अधिकारी सुमित यादव, हुरडा प्रधान कृष्णा सिंह जी राठौड़, पूर्व डेयरी चेयरमैन रतनलाल जी जाट, बोरखेड़ा सरपंच हेमराज चौधरी, पंचायत समिति सदस्य महेंद्र चौधरी, आईसीआईसीआई बैंक प्रबंधक परवेश शर्मा स्वामी विवेकानंद युवा संस्थान अध्यक्ष शुभम ओझा रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बेहेड़ीया ने भारत की जी20 अध्यक्षता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए विश्व पटल पर भारत का नेतृत्व विकास के नए आयाम खोलेगा साथ ही वसुदेव कुटुंबकम की अवधारणा विश्व जगत में भारत को नई पहचान दिलाएगी। कार्यक्रम के अध्यक्ष रमेश चंद्र मूंदड़ा ने अपने वक्तव्य में सतत विकास लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए भारत की भागीदारी पर प्रकाश डाला। जिला युवा अधिकारी सुमित यादव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए युवा मंडल को संसद की प्रथम सीढ़ी बताते हुए इससे जनतंत्र की सीख लेने एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित एवं प्रेरित किया। स्वामी विवेकानंद युवा संस्थान अध्यक्ष शुभम ओझा ने बताया की अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 को ध्यान में रखते हुए अपने जीवन में मोटे अनाज के उपयोग को बढ़ाकर स्वास्थ्य का वरदान लिया जा सकता है। पूर्व डेयरी चेयरमेन रतन लाल चौधरी ने बताया की मिलकर सांझा उधेश्यो को प्राप्त करना होगा और राष्ट्र को सशक्त करना होगा। हुडा पंचायत समिति प्रधान राठौड़ ने युवाओं को अपने जीवन में मार्केटिंग कल्चर को हटाकर धरातल पर मेहनत करते हुए सफल होने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम मे भीलवाड़ा जिले का सर्वश्रेष्ठ युवा मंडल का पुरुस्कार नेहरू युवा संस्थान ईरास के सांवरलाल जाट एवं मुकेश जाट को प्रदान किया गया एवं प्रतिकात्मक रूप से खेल सामग्री नेहरू युवा केंद्र संतोकपुरा के अध्यक्ष कमलेश चौधरी को दि गई। कार्यक्रम का सफल संचालन पंचमुखी एसोसिएट के सीएस राजू लाल जाट ने किया। कार्यक्रम मे सांस्कृतिक प्रस्तुति जय श्री राजावत और शिल्पा गवारिया की टीम ने दी। इस दोरान प्रहलाद,दिलखुश, शंकर, नरेंद्र, विनय, मनोज, सुरजीत यादव क्षेत्र के सैकड़ों युवा उपस्थित थे।

शहर में हर्षोल्लास पूर्वक मना गणगौर पर्व

सुहागिन महिलाओं व अविवाहित बालिकाओं ने गणगौर की पूजा कर लिया आशीर्वाद

गरीबों का सितारा

चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)। प्रदेश में चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाला गणगौर का पर्व शुक्रवार को हर्सोल्लास के साथ मनाया गया ' अखंड सौभाग्य की कामना लिए सुहागिन महिलाओं व भविष्य में अच्छे जीवन साथी मनोकामना लिए अविवाहित बालिकाओ ने गणगौर की पूजा अर्चना कर हर्षोल्लास पूर्वक गणगौर का त्योहार मनाया ' इस दौरान सुहागिन महिलाओं ने सोलह सिंगार कर गणगौर माता की पूजा अर्चना कर जहां अपने लिए अमर सुहाग का आशीर्वाद माँगो वही अविवाहित बालिकाओं ने भी पूजा अर्चना कर अपने उज्ज्वल भविष्य व जीवन मे निरंतर प्रगति का आशीर्वाद माँगा ' गणगौर के इस त्यौहार को लेकर त्योहारों के सत्य को उजागर करती एक लोक प्रचलित किवदंती है कि तीज तिवांरा बावड्या ले डूबी गणगौर ' अर्थात गणगौर के साथ त्योहारों का समापन व तीज के पुनः त्योहारों का आगमन माना जाता है ' गणगौर की पूजा करने वाली सुहागिन महिलाओं व बालिकाओं ने बताया कि गणगौर गण अर्थात भगवान शिव व गौर माता पार्वती का प्रतीक है ' उन्होंने बताया आज ही के दिन भगवान शिव ने पार्वती जी को तथा पार्वती जी ने समस्त स्त्रियों को सौभाग्य का वरदान दिया था। इसीलिए पौराणिक काल से ही इस व्रत पूजा का प्रचलन रहा है। इस दिन सुहागिनें देवी पार्वती और शिवजी की विशेष पूजा अर्चना करके पति की लंबी उम्र और सौभाग्य की कामना के साथ ही घर-परिवार की खुशहाली की कामना करती हैं ' वहीं अविवाहित बालिकाए गणगौर की पूजा कर अपने उज्ज्वल भविष्य व जीवन मे निरंतर प्रगति व सौभाग्य का आशीर्वाद प्राप्त करती है ' गणगौर के इस पर्व पर शहर हो या गांव सभी जगह गणगौर की पूजा अर्चना बड़े धूमधाम धूमधाम से की गई ' इस दौरान शहर व शहर के आसपास के क्षेत्रों में सुहागिन महिलाओं व बालिकाओं ने गणगौर की की पूजा के दौरान डीजे की धुन पर नाच गाकर कर त्योहार का भरपूर आनंद लाभ उठाते हुए त्योहार को हर्षोल्लास पूर्वक मनाया ' गणगौर की पूजा के दौरान सुशीला देवी, लीला देवी,सीमा देवी,उषा देवी, पूजा देवी, मनीषा देवी, संगीता देवी, निर्मला देवी, ऋतु देवी, बिंदू देवी, प्रीति देवी, दीक्षा, तनीषा, पारुल रिया,रूपल अंतिमा, चेष्ठा, चहक सहित अनेक बालिकाऐं व महिलाएं मौजूद रही।

मंत्री टीकाराम जूली से मिला रावणा राजपूत समाज का शिष्ट मंडल

गरीबों का सितारा

रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना। श्री अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान के अलवर जिलाध्यक्ष बलबीर सिंह बैरेर के नेतृत्व मे जिले के रावणा राजपूत समाज के दर्जनो लोग शनिवार को 11 बजे अलवर मे राजस्थान सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली से उनके ऑफिस पर मेजर दलपत सिंह देवली के नाम से समाज का बोर्ड गठन करने तथा राजस्व रैकार्ड मे जाति के नाम का शुद्धीकरण करने , मेजर दलपत सिंह के शोर्य को पाठ्यक्रम मे शामिल करने सहित सात सूत्री मांगो को लेकर पुनः स्मरण करवाने के लिए मिले और पुनः प्रार्थना पत्र भी दिया। उल्लेखनीय है तीन मार्च को समस्त राजस्थान भर से रावणा राजपूत समाज के हजारो लोग जयपुर मे प्रदेश अध्यक्ष रणजीत सिंह सोडाला के नेतृत्व मे विधान सभा घेराव के लिए एकत्रित हुए थे। उस दिन मंत्री जूली ने पाँच सदस्यीय शिष्ट मंडल से 15 दिनो मे सात मांगो मे से चार मांगे पूरी करने का वादा किया था। अब पन्द्रह दिन पूरे हो जाने के बाद भी मांगो पर अमल नही करने को लेकर पुनः स्मरण हेतु मंत्री से मिले जिस पर मंत्री जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत साहब से बात कर आपकी मांगो को शिघ्र पूरा किया जायेगा। इस दौरान फोरेस्टर हजारीसिंह, सुबेदार मानसिंह , एन.एस. झाकडा, कमल सिंह राठौड़, डा. लोकेन्द्र सिंह राठौड़,महावीर सिंह शालपुरी,सुरेन्द्र सिंह बीजवाड़,सुमेर सिंह चिमरावली,प्रतापसिंह चौहान,रवि सिंह टोड़ाभीम, रिषीपालसिंह,नरेन्द्र सिंह राठौड़,महेन्द्रसिंह,उदयसिंह जादौन सहित दर्जनो रावणा राजपूत समाज के लोग मौजूद थे। मिडिया को यह सारी जानकारी गढ़ीसवाईराम से राजेश राठौड के द्वारा दी गई है।

गणगौर के दूसरे दिन भी शहर में शाही लवाजमे के साथ निकली ईसर और गणगौर की सवारी

गरीबों का सितारा

चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)। नगर पालिका चौमूं द्वारा तीज पर्व पर शाही लवाजमे के साथ ईसर-गणगौर की सवारी निकाली गई ' वहीं गणगौर के दूसरे दिन भी शहर में शाही ठाठ बाठ व शाही लवाजमे के साथ ईसर गणगौर की सवारी निकाली गई ' इससे पूर्व नगर पालिका प्रांगण परिसर में ईसर-गणगौर का शाही श्रृंगार कर विधिवत पूजा अर्चना की गई ' तत्पश्चात उपस्थित सुहागिन महिलाओं, बालिकाओं व बच्चों ने भी पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया ' ईसर-गणगौर की सवारी नगर नगरपालिका से होते हुए बस स्टैंड,बावड़ी गेट,लक्ष्मीनाथ चौराहा सदर बाजार चौपड़ नया बाजार सुभाष सर्किल धोली मंडी थाना चौराहा बस स्टैंड मोरीजा रोड गणगौरी चौक होते मुझे वापस नगरपालिका पहुंचकर संपन्न हुई' ईसर गणगौर की शाही सवारी में बैंड बाजों के साथ साथ सजे-धजे ध्वज वाहक हाथी, ऊंट घोड़े भी थे ' ईसर गणगौर की सवारी निकाले जाने के दौरान रास्ते में जगह-जगह महिलाओं बच्चों के द्वारा ईश्वर गणगौर की पूजा कर आशीर्वाद लिया ' इस मौके पर जहां पहले दिन विधायक रामलाल शर्मा, चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी,पार्षद रमेश सैनी ओम प्रकाश यादव,राहुल शर्मा, गजेंद्र यादव, शंकरलाल,जांगिड़, सुनील अग्रवाल अनिता कुमावत, मुकेश सिद्ध, पार्षद प्रतिनिधि फिरोज नागौरी,पूर्व चेयरमैन आशीष दुसाद, पूर्व वाइस चेयरमैन कालूराम जाट,गोविंदगढ़ पूर्व सरपंच गोपाल डेनवाल व आमजन मौजूद रहे ' वहीं दूसरे दिन शनिवार को भाजपा विधायक व उनकी उनकी उनकी टीम सामाजिक सरोकार के इस आयोजन से नदारद रही ' वहीं नगर पालिका वाइस चेयरमैन एवं कांग्रेस के दूसरे खेमे के पार्षदों ने ईसर गणगौर की सवारी के दोनों दिन इस कार्यक्रम से दूरियां बनाए रखी ' बता दे की ईसर गणगौर की शाही सवारी को देखने दोनों दिन उमड़ी भीड़ ने रास्ते में जगह-जगह बाजार की दुकानों व छतों पर खड़े होकर सवारी के आगमन में पलक पावडे बिछा कर प्रतीक्षा करने के बाद सवारी के आगमन पर ईसर गणगौर के दर्शन लाभ कर आनंद प्राप्त किया ' इस मौके पर थाना प्रभारी विक्रांत शर्मा की मौजूदगी में पुलिस का जाब्ता भी मौजूद रहा।

रैणी एसडीएम के मार्फत मुख्यमंत्री-राजस्थान सरकार के नाम भेजा ज्ञापन

गरीबों का सितारा

रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना। अलवर जिले के रैणी-राजगढ व लक्ष्मणगढ क्षेत्र मे शुक्रवार शाम को लगभग 4 बजे बहुत भयानक रूप से ओलावृष्टि हुई है जिससे आमजन को बहुत ही ज्यादा नुकसान हो गया है क्योंकि गेंहू व चने की फसल मे बहुत ज्यादा नुकसान हो गया है इसलिए ओलावृष्टि से हुए नुकसान की जांच कराई जावे और नुकसान की भरपाई उचित मुआवजा देकर की जावे इसके लिए शनिवार को रैणी उपखण्ड अधिकारी रिया डाबी के मार्फत मुख्यमंत्री-राजस्थान सरकार को ज्ञापन भिजवाया गया। ज्ञापन मे किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए लिखा गया है कि हमें आशा ही नही बल्कि पूर्णविश्वास है कि सरकार द्वारा निम्न मांगों को तुरंत प्रभाव से पूरा किया जाएगा। जो निम्नलिखित है जैसे कि 1- किसानों को फसल के नुकसान का चार गुना मुआवजा दिया जाए। 2- भूमिहीन एवं फसल बीमा नही करवाने वाले किसानों को जिन्होंने

बांटे पर फसल बुआई की है उनको सीधा लाभ देने की व्यवस्था की जाए। 3- ओला वृष्टि के कारण दुधारू पशुओं की मृत्यु का उचित मुआवजा दिया जाए। उपरोक्तानुसार सभी माँगो को तुरंत प्रभाव से पूरा किया जाए ताकि नुकसान झेल रहे किसानों को कुछ तो राहत मिल सके। इस दौरान महेंद्र मीणा(आम आदमी पार्टी) , सुखदेव जामडोली (ईआरसीपी सक्रिय कार्यकर्ता), अशोक बाजोली, रमेश तिलकदारी जीतू जांगिड़, बलराम बालोत, नरेश,भारती बैरवा, सरपंच, हरि प्रसाद मीना सरपंच संघ अध्यक्ष रैणी , छोटू मैहर, डीसी मीना शिवभक्त एवं समाज सेवी , मोहरबाई सरपंच सहित अनेक किसान भाई मौजूद थे। मिडिया को यह सारी जानकारी महेन्द्र मीना (आम आदमी पार्टी) और सुखदेव जामडोली के द्वारा दी गई है।

जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ

गरीबों का सितारा

रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना। जिला शांति एवं अहिंसा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक हिमांशु शर्मा ने बताया कि दो दिवसीय गांधी प्रशिक्षण शिविर प्रताप ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया' इसके प्रथम दिवस में राजस्थान के कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली ने गांधी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी के दिखाए हुए रास्ते पर सभी को चलना चाहिए और कहा कि सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं ! शांति एवं अहिंसा निदेशालय के निदेशक मनीष कुमार शर्मा ने कहा कि अब जल्दी ही ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे एवं 50,000 प्रेरकों की भर्ती के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। अलवर जिला कलेक्टर डॉ जितेंद्र सोनी ने सभी गांधी कार्यकताओं को शानदार एवं ऐतिहासिक कार्यक्रम होने पर सभी को बधाई एवं धन्यवाद ज्ञापित किया ! राष्ट्रीय प्रशिक्षक मनोज ठाकरे ने विस्तार से आजादी के महानायकों पर प्रकाश डाला ! द्वितीय दिवस पर दिल्ली के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी डॉ महेश भारद्वाज ने गांधी कार्यकताओं को

संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने बिना खड़क बिना ढाल के अंग्रेजों की गुलामी से भारत को मुक्त कराया ! शांति एवं अहिंसा से ही सभी का भला हो सकता है ! इस अवसर पर उत्तर प्रदेश से आए प्रोफेसर सतीश राय ने कहा कि युवा पीढ़ी को आजादी के महानायक ओं के बारे में ज्यादा से ज्यादा पढ़ना और लिखना चाहिए !इस अवसर पर प्रदेश आयोजन समिति के धर्मवीर कटेवा ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशा मुक्त बनाना हम सभी का कर्तव्य है जिला सह संयोजक ओमप्रकाश देहलावास ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांधी कार्यकर्ता निरंतर घर-घर पहुंचा रहा है ! इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह ने कहा कि गांधी के कार्यक्रमों में सभी को मन से सीखना चाहिए। शनिवार को लगभग 600 कार्यकताओं ने शांति एवं अहिंसा मार्च प्रताप ऑडिटोरियम से शुरू होकर मोती डूंगरी से वंदे मातरम एवं भारत माता की जय के नारों के साथ वापस प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचा और सभी ने एक स्वर में गरीब के आंसू पहुंचने का भी संकल्प लिया' गांधी प्रशिक्षण शिविर में देश के प्रसिद्ध भपंग वादक युसूफ खान ने शानदार प्रस्तुति देकर गांधी कार्यकताओं को उत्साहित किया एवं शानदार प्रस्तुति देने पर जिला संयोजक हिमांशु शर्मा के द्वारा गांधी के स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया इस अवसर पर मंच का संचालन एनएल वर्मा एवं भागीरथ सैनी ने किया प्रमुख रूप से इस अवसर पर घनश्याम तवर प्रधान, अतुल नाथ योगी, महेश गुर्जर, जिला महासचिव विशाल यादव, डॉ सुरेश शर्मा, अनिल रोहिल्ला,राजेंद्र सैनी, सुगनशर्मा,देशबंधु शर्मा, भमला राम मीणा, विष्णु सैनी, विपिन कुमार शर्मा, वीरेंद्र यादव, शिवदयाल दिक्षित, जिला रसद अधिकारी जितेंद्र सिंह नरूका, आर ए एस अधिकारी सोहन सिंह नरूका, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रेखा रानी व्यास नगर परिषद आयुक्त जोधाराम विश्नोई, मानू शर्मा, रामनिवास योगी, बंशीधर गुर्जर, उपखंड अधिकारी शहर अशोक त्यागी बक्सानंद भारती, दुलीचंद मीणा, राधेश्याम मीणा,राजेंद्र बलाई, रामप्रसाद बैरवा, प्रह्लाद राजपूत, राधा शर्मा,सुगन चंद शर्मा, नूर मोहम्मद, इस्माइल खान, नारायण छंगानी, उमेश गर्ग, हनुमान सहाय शर्मा, नवीन शर्मा, लाल मोहम्मद, देवराज चेयरवाल, बन्नाराम मीणा, मनोज साटोलिया हेतराम, साटोलिया सहित हजारों गांधी कार्यकर्ता उपस्थित थे। मिडिया को यह सारी जानकारी रामगढ से अमित कुमार भारद्वाज के द्वारा दी गई है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

पंजाब में एक बार फिर कथित खालिस्तानी आंदोलन भड़क रहा है। इसके बीज किसान आंदोलन के वक्त से ही दिख रहे थे, लेकिन लगता है सरकार और हमारी खुफिया एजेंसियां इसे गंभीर नहीं मान रही थीं या फिर वेट एंड वाच के मोड में थीं। पीएम और गृहमंत्री को धमकी और पंजाब में थाने पर हिंसक हमला के बाद ही अलग खालिस्तान मांग को हवा दे रहे अमृतपाल सिंह पर कानूनी शिकंजा कस जाना चाहिए था। फोड़े को नासूर नहीं बनने देना चाहिए। भारत को हमेशा समझना चाहिए कि पाकिस्तान व चीन जैसे पड़ोसी कभी शांत नहीं बैठ सकते हैं। इसके अलावा भी कई सफेद मुखौटे वाले भारत विरोधी ताकतें हैं, जो विरोधी तत्त्वों को हवा देते रहते हैं। पंजाब में खालिस्तान के नाम पर उठ रहे हिंसक फन को जल्द कुचल देना चाहिए, लेकिन क्या सरकार देर से जागी है? अमृतपाल सिंह के खलिस्तान आंदोलन के पीछे की 'विदेशी साजिश' का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक..

खालिस्तानी आंदोलन के बड़े 'खतरे'

विश्लेषण
प्रमोद जोशी
वरिष्ठ पत्रकार

पंजाब के पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह ने 1 सितंबर 2022 को एक सभा के दौरान अमृतपाल सिंह पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा कि अमृतपाल दुबई से आया है और उसका पूरा परिवार दुबई में है। ऐसे में उसे भारत किसने भेजा? इसका पता लगाना पंजाब की 'आप' सरकार की जिम्मेदारी है। अमृतपाल की अगुआई में उसके हजारों समर्थकों ने गत 23 फरवरी को अमृतसर के अजनाला थाने पर जिस तरह से हमला किया था, उसके बाद उनके इरादों को लेकर कोई संशय नहीं रह गया था। पंजाब पुलिस और केंद्र सरकार इन गतिविधियों को रोकने के लिए देर से जागी है।

भारत सरकार और पंजाब सरकार ने खालिस्तानी आंदोलन के खिलाफ हालांकि कार्रवाई शुरू की है, पर लगता है कि इसमें कुछ देर की गई है। दो-तीन साल से जिस बात की सुगबुगाहट थी, वह खुलकर सामने आ रही है। दिल्ली की सीमा पर एक साल तक चले किसान-आंदोलन के दौरान सोशल मीडिया पर खालिस्तान समर्थक सक्रिय हुए थे। 26 जनवरी, 2021 को लालकिले के द्वार तोड़कर जब भीड़ ने अपना झंडा फहराया था, तब मसले की गंभीरता की आशंका व्यक्त की गई थी। उन्हीं दिनों टूलकिट-प्रकरण उछला, जिसे सबसे पहले स्वीडिश जलवायु कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग ने सोशल मीडिया पर शेयर किया था। किसान आंदोलन शुरू होने के पहले ही पंजाब में पाकिस्तान से भेजे गए ड्रोनों की मदद से हथियार गिराने की घटनाएं हुई थीं। कनाडा स्थित कुछ समूहों ने सन 2018 से 'रेफरेंडम-2020' नाम से एक अभियान शुरू किया था, जिसके लक्ष्य बहुत खतरनाक हैं। हालांकि यह रेफरेंडम सफल नहीं हुआ, पर इससे साबित हुआ कि दुनिया में भारत-विरोधी गतिविधियां चल रही हैं। उन्हें जब भारत के भीतर समर्थन नहीं मिला, तो बाहर से अपने आदमी को प्लांट किया। इन बातों का सकारात्मक पक्ष यह है कि सिख समुदाय ने इन प्रवृत्तियों का मुखर विरोध किया है।

अमृतपाल की भरती

इन बातों का संदर्भ अमृतपाल सिंह के नेतृत्व में हुई घटनाएं और फिर उसकी गिरफ्तारी की कोशिशों से जुड़ा है। पंजाब के पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह ने 1 सितंबर 2022 को एक सभा के दौरान अमृतपाल सिंह पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा कि अमृतपाल दुबई से आया है और उसका पूरा परिवार दुबई में है। ऐसे में उसे भारत किसने भेजा? इसका पता लगाना पंजाब की 'आप' सरकार की जिम्मेदारी है। अमृतपाल की अगुआई में उसके हजारों समर्थकों ने गत 23 फरवरी को अमृतसर के अजनाला थाने पर जिस तरह से हमला किया था, उसके बाद उनके इरादों को लेकर कोई संशय नहीं रह गया था। अमृतपाल दुबई में ट्रक ड्राइवर था। उसे पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने भारत में गड़बड़ी फैलाने के लिए तैयार किया। वे चाहते हैं कि पंजाब की नई पीढ़ी के मन में उन्माद भरा जाए, ताकि एक बार फिर देश में अराजकता की लहर फैले जैसी अस्सी के दशक में पंजाब में चले खालिस्तानी आंदोलन के दौरान फैली थी। उसकी परिणति 1984 के ऑपरेशन ब्लूस्टार और इंदिरा गांधी की हत्या के रूप में देखने को मिली थी। उन परिघटनाओं से पैदा हुआ गर्द-गुबार छंट ही रहा था कि भारत की एकता से ईर्ष्या रखने वालों ने दूसरी योजनाओं पर काम शुरू कर दिया।

सीमा पर हरकतें

भारतीय खुफिया एजेंसियों का कहना है कि पाकिस्तान से सक्रिय आतंकी ग्रुप सोशल मीडिया में काफी एक्टिव है और वे युवाओं को बरगलाकर आतंकी संगठन में शामिल होने के लिए मना रहे हैं। इन संगठनों का इस्तेमाल जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों को बढ़ाने के लिए किया जा सकता है। इस काम में पंजाब और कश्मीर के उन अपराधियों को भी शामिल किया जा रहा है, जो नशे का अवैध कारोबार करते हैं। हाल में पंजाब से सटी पाकिस्तानी सीमा पर आईएसआई की गतिविधियों में इजाफा देखने को मिल रहा है। पाक रेंजर्स और आईएसआई की मदद से सीमा के नजदीक कई जगहों पर भारत में ड्रग्स और हथियार भेजने के लिए स्मगलरों और आतंकियों को ड्रोन्स मुहैया कराए गए हैं। फिरोजपुर और अमृतसर के बीच पाकिस्तानी ड्रोन-गतिविधियां काफी बढ़ गई हैं। पाकिस्तान की तरफ से सुरक्षा एजेंसियों को चकमा देने के लिए 'डमी ड्रोन्स' का सहारा भी लिया जा रहा है।

पुलिस मुख्यालय

हालांकि, खालिस्तान आंदोलन अब इतिहास बन चुका है। गिने-चुने लोगों को छोड़ दें, तो सिखों के बीच इस आंदोलन का कोई समर्थन नहीं है, पर थोड़े से लोग ही मौके का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। यह बात हाल में अमृतपाल सिंह को प्रकरण में साबित हुई है, जो एक नए भिंडरावाले के रूप में उभरना चाहता है। इसने 'वारिस पंजाब दे' के नाम से एक संगठन के सहारे अपने प्रभाव-क्षेत्र को बढ़ाने की कोशिश की थी। पंजाब पुलिस ने गत 18 मार्च से उसकी गिरफ्तारी की कोशिश शुरू की, तो वह निकल भागा। पिछले साल पंजाब के मोहाली में पुलिस के खुफिया विंग मुख्यालय में 9 मई, 2022 की रात रॉकेट चालित ग्रेनेड से हमला किया गया, जिससे इमारत की एक मंजिल की खिड़की के शीशे टूट गए। यह चौंकाने वाली घटना थी। उसके एक दिन पहले हिमाचल विधान भवन के मुख्य द्वार के बाहर खालिस्तानी बैनर लगाए गए।

देर से जागे

पंजाब पुलिस और भारत सरकार इन गतिविधियों को रोकने के लिए देर से जागी है। देश-विदेश की घटनाओं पर गौर करें, तो पाएंगे कि सिखों और शेष भारतीयों के बीच कटुता पैदा करने की कोशिशें की जा रही हैं। पहले कनाडा से खबरें आती थीं, पर अब ऑस्ट्रेलिया से आ रही हैं, जहां हिंदू मंदिरों पर हमले और तोड़फोड़ की घटनाएं हुईं। फिर तथाकथित 'खालिस्तान जनमत संग्रह' के दौरान मारपीट की घटनाएं हुईं। गत 12 जनवरी को ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न के स्वामी नारायण मंदिर में भारत विरोधी नारे लिखे गए। मार्च की शुरुआत में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में तोड़फोड़ की गई थी। गत 15 मार्च को ब्रिसबेन में भारतीय वाणिज्य दूतावास को बंद करने पर मजबूर कर दिया। भीड़ ने 'खालिस्तान जिंदाबाद' के साथ हिंदुओं के खिलाफ नारे लगाए। 21 फरवरी की रात ब्रिसबेन के टारिंगा में स्वान रोड स्थित वाणिज्य दूतावास पर हमला किया गया। पहले भारतीयों पर हमले हो रहे थे। बाद में उन्होंने भारत सरकार संबंधित संस्थानों को निशाना बनाना शुरू कर दिया।

लंदन-सैन फ्रांसिस्को

कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया में खालिस्तानी तत्वों ने अपनी शक्ल दिखानी शुरू कर दी। सबसे गंभीर घटना लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में हुई, जहां रविवार 19 मार्च को कुछ लोगों ने तिरंगे झंडे को उतार कर खालिस्तानी झंडा लगा दिया। इस घटना से भारतवंशियों में रोष फैल गया और दुनिया के कई देशों में उन्होंने तिरंगा हाथ में लेकर प्रदर्शन किए हैं। ऐसी ही एक घटना अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय कौंसुलेट में हुई। खालिस्तान समर्थकों के एक ग्रुप ने रविवार 20 मार्च को सैन फ्रांसिस्को में भारतीय दूतावास पर हमला कर वहां तोड़फोड़ की थी। खालिस्तान समर्थक नारे लगाते हुए, प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की ओर से लगाए गए बैरिकेड तोड़ दिए और दूतावास के अंदर दो तथाकथित खालिस्तानी झंडे लगा दिए थे। हालांकि, दूतावास के दो कर्मियों ने जल्द ही उन झंडों को हटा दिया था। इसके बाद, प्रदर्शनकारियों का एक ग्रुप दूतावास में घुस गया और दरवाजे-खिड़कियां तोड़ दीं।

सिखों का विरोध

अमेरिका में रहने वाले सिख समुदाय के नेताओं ने भी तिरंगे के अपमान को लेकर विरोध जताया है। सिख नेताओं ने इन घटनाओं की निंदा की और कहा कि खालिस्तानी आंदोलन को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है। उत्तरी अमेरिका में दस लाख से अधिक सिख रहते हैं और उनमें से केवल 50 भारतीय दूतावास के बाहर विरोध करने के लिए दिखाई देते हैं। दिल्ली में सिखों ने लंदन की घटना के विरोध में तिरंगा झंडा हाथ में ब्रिटिश हाई कमीशन के बाहर लेकर प्रदर्शन किया। नई दिल्ली में प्रदर्शन के लिए पहुंचे सिखों ने कहा-पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई हमारे अमन-चैन को तबाह करने की साजिश रच रही है। हमने हमेशा अपने तिरंगे का सम्मान किया है और लंदन में हुई हरकत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

आंदोलन की पृष्ठभूमि

आंदोलन की पृष्ठभूमि काफी पीछे ले जाती है। 14 दिसंबर 1920 को स्थापित, शिरोमणि अकाली दल ने स्वतंत्रता के बाद पंजाबी सूबा आंदोलन चलाया। इस मांग के पीछे दो आत्यंतिक प्रवृत्तियां थीं। संप्रभु राज्य या भारत के भीतर स्वायत्त राज्य की स्थापना। धर्म-आधारित विभाजन में बहुत खून बहा था, जिसके कारण भारत सरकार ने शुरू में इस मांग को खारिज कर दिया। मांग और आंदोलन जारी रहे और अंततः इंदिरा गांधी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने मांग को स्वीकार कर लिया। पंजाब पुनर्गठन अधिनियम संसद में पास हो गया, जो 1 नवंबर 1966 से लागू हो गया। अकाली दल ने 1973 में आनंदपुर साहिब प्रस्ताव पास करके पंजाब में सत्ता के आमूलचूल हस्तांतरण और स्वायत्तता की मांग की थी। 1982 में, अकाली दल और जरनैल सिंह भिंडरावाले ने संकल्प को लागू करने के लिए धर्मयुद्ध मोर्चा शुरू करने के लिए हाथ मिलाया। इसके बाद की कहानी से आप परिचित हैं।

बाहरी हाथ

उस आंदोलन के पीछे अमेरिका और पाकिस्तान की भूमिका होने का इशारा 2007 में प्रकाशित अपनी पुस्तक 'काओबॉयज़ ऑफ रॉ' में बी रामन ने किया था, जो कैबिनेट सचिवालय में एडिशनल सेक्रेटरी के पद से रिटायर हुए थे। इसकी पृष्ठभूमि 1971 तक जाती है, जब बांग्लादेश का जन्म हुआ नहीं था। पुस्तक के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन और पाकिस्तानी सैनिक शासक याह्या खान ने भारत के पंजाब को तोड़कर नया देश बनाने की योजना तैयार की। पंजाब के सिख नेता जगजीत सिंह चौहान को ब्रिटेन भेजा गया, जिसने पुराने सिख होम रूल आंदोलन को खालिस्तान नाम से पुनर्जीवित किया। याह्या खान ने चौहान को पाकिस्तान बुलाया। वे भुट्टो से मिले। अक्टूबर 1971 में वे अमेरिका गए। उन्होंने न्यूयॉर्क टाइम्स में स्वतंत्र सिख राज्य की घोषणा करते हुए एक विज्ञापन दिया। अमेरिकी पत्रकारों और संरा अधिकारियों से भी उनकी मुलाकात हुई। इन बैठकों की व्यवस्था अमेरिकी रक्षा परिषद के तत्कालीन प्रमुख हेनरी किसिंजर ने की थी। आज की परिस्थितियाँ हालांकि बदली हुई हैं, पर इतना समझ लीजिए कि आंदोलन की मददगार ताकतें जीवित हैं। भारत को समय रहते कार्रवाई करनी होगी।

आतंकवाद: हमने कुछ नहीं सीखा

प्रसंगवश
डॉ. चन्द्र त्रिखा
राजनीतिक विश्लेषक

हम बहुत कुछ लुटाकर भी कुछ नहीं सीखे। पंजाब के आतंकवाद के काले दिनों में हमने 11,694 निर्दोष लोग गंवा दिए। तब पुलिस व सुरक्षाबलों के भी 1784 जवान शहीद हुए। इसके साथ ही बहकावे में आए 8968 आतंकी युवा भी मारे गए। एक अखबार समूह के 92 पत्रकार मारे गए थे। कई शहरों में अखबार बांटने वाले हॉकरों को भी नहीं बख्शा गया। मगर हमने कुछ नहीं सीखा। अब एक 30 वर्षीय युवा प्रचारक एक वर्ष पहले ही दुबई से लौटा और उसने अपना एक संगठन 'वारिस पंजाब दे' खड़ा कर लिया। मूल रूप से इसे एक अन्य अलगाववादी दीप सिद्धू ने खड़ा किया था। अलगाव की मांग फिर से गूंजने लगी। अब जब सिर्फ एक सप्ताह पूर्व उसने पूरे उत्तर भारत की सुरक्षा एजेंसियों को धता बता डाली तो हम फिलहाल उसका कुछ नहीं बिगाड़ पाए। उसके 114 से अधिक साथी दबोच लिए गए। बंदूकें व गोला बारूद भी बरामद कर लिया गया। इस समूह के पांच सदस्यों पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 के तहत आरोप दर्ज किया गया है और असम के डिब्रूगढ़ की एक जेल में भेज दिया गया। गत शनिवार से पंजाब में कुछ जिलों में इंटरनेट बंद है और कई शहरों और गांवों में पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च किया जा रहा है। उस पर शिकंजा कसने और उसके संगठन को खत्म करने के लिए अनेक विभागों व एजेंसियों ने मिलकर योजना बनाई है। इस अभियान में पंजाब सरकार के साथ-साथ केंद्रीय संस्थान भी जुड़े हुए हैं। ऐसा लगता है कि सुरक्षा एजेंसियों ने खूब तैयारी से अभियान चलाया है, मगर अभियान देरी से चलाया गया। विशेषज्ञों ने राज्य सरकार की बुद्धिमत्ता पर भी सवाल उठाए हैं। अजनाला में हुई हिंसा के बाद कट्टरपंथियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए तीन सप्ताह तक इंतजार क्यों किया गया?

खुफिया एजेंसियों का मानना है कि अमृतपाल सिंह पाकिस्तान की जासूसी एजेंसी आईएसआई के संपर्क में है। आईएसआई ने उससे तब संपर्क साधा, जब वह दुबई में था। साल 2022 में भारत आने से पहले उसे प्रशिक्षण के लिए जॉर्जिया भेजा गया था। अमृतपाल सिंह का हैंडलर अवतार सिंह खंडा बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़े परमजीत सिंह पम्मा का करीबी सहयोगी है। अलगाववाद का यह विचार पंजाब को अस्थिर करने और क्षेत्र में अमृतपाल को मजबूती देने के लिए चलाया गया था। हालांकि केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारी अभी सीधे जमीन पर काम नहीं कर रहे हैं, पर पंजाब पुलिस के आला अधिकारियों के साथ जुड़े हुए हैं। ये अलगाववादियों की गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। सितंबर 2022 से ही रॉ, आईबी और अन्य एजेंसियां अमृतपाल के इतिहास, विदेश में उसके सहयोगियों और हैंडलर्स आदि के बारे में जानकारी जुटा रही हैं। खबरें यह भी आई कि वह पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तरप्रदेश होता हुआ

नेपाल में प्रवेश कर गया है।

अब थोड़ा पीछे झांक लें। यह पुराने आतंकवाद की अंधी गुफा की एक झलक है। मैं उन दिनों अबोहर में संवाददाता था। मीडियाई पृष्ठभूमि के कारण मेरे लेख आदि विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित होते थे। आतंकवाद के विरुद्ध साहित्यिक लेखन का कार्य भी जारी था। उन्हीं दिनों मैंने पंजाब के एक अन्य साहित्यिक मित्र 'मानव' के साथ मिलकर 'काली नदी के उस पार' नाम से आतंकवादी विरोधी कविताओं का एक संकलन भी निकाला था। उसी संकलन में प्रकाशित कुछ कविताओं पर चंडीगढ़ में कुछ चित्रकारों ने 'पेंटिंग्स' भी बनाई और उन 'पेंटिंग्स' को 'पोस्ट कार्डों' पर प्रकाशित किया गया। उस संकलन व कुछेक अन्य लेखों के कारण कुछ आतंकवादी संगठनों की आंख की किरकरी भी बना। यह काव्य संकलन 1984 के आरंभ में प्रकाशित हुआ था। उसकी चर्चा प्रदेशभर में हुई थी। उसकी भूमिका को समाचार के रूप में कुछ दैनिक पत्रों में छापा गया। चर्चा भिंडरावाले तक भी पहुंची थी। उसकी भूमिका इस प्रकार थी- हिंसा, आतंक व घृणा ने गत कुछ वर्षों में मानवीय मूल्यों पर गहरी चोट की है। ये मूल्य शाश्वत थे। इन मूल्यों के पांव तले ज़मीन थी। ये मूल्य हमारे सामाजिक अस्तित्व की शर्त थे। इसीलिए आघात के बावजूद भी बिखरे नहीं। लेकिन मर्मान्तक पीड़ा के क्षणों में उन सबको गुज़रना पड़ा है, जो इस सामाजिक अस्तित्व की अस्मिता से प्रतिबद्ध हैं। किसी वर्ग विशेष पर दोषारोपण ऐसी समस्या को निश्चित रूप से अधिक उलझाता है- क्योंकि ऐसी समस्याएं व्यक्तिपरक न होकर परिवेशपरक होती हैं। तकलीफ इस बात की है कि हमारा राजनीतिज्ञ, राजनीति की संहिताओं के प्रति वफादार नहीं, अर्थशास्त्री आर्थिक दर्शन के प्रति वफादार नहीं, वैज्ञानिक सत्यान्वेषण की बात भूलकर छोटी-छोटी वैयक्तिक उपलब्धियों के गिर्द घूमते हैं और साहित्य के नाम पर केवल अकादमी पुरस्कारों एवं राज्याश्रय के लिए भाग दौड़ अधिक प्रभावी है। ऐसे परिवेश में राजनैतिक-आर्थिक विक्षोभ, असंतोष एवं हताशा से केवल हिंसा, आतंक व घृणा ही जन्म ले पाती है। बदले परिवेश में सर्जक की भूमिका युद्धरत सैनिक के लिए ओजपूर्ण जयघोष-गान या शौर्य संचार की भूमिका नहीं है बल्कि घृणा हिंसा, आतंक संत्रास व शोषण का विरोध एवं पारस्परिक सौहार्द, नव निर्माण, पारस्पारिक विश्वास, आस्था एवं शाश्वत जीवन मूल्यों की स्थापना की भूमिका है। सर्जक सर्जन नहीं होता-वह मरहम का एहसास होता है- रचनात्मकता का प्रेरक होता है।

संकलन की प्रेरणा में प्रत्यक्षतः चाहे पंजाब की त्रासदी थी लेकिन यह त्रासदी समूचे परिवेश की भी है। इसके विरुद्ध संवेदना के धरातल पर कही गई रचनाएं वस्तुतः एक गवाही हैं- एक दस्तावेज़ है, जो कि निरंकुश त्रास के विरुद्ध मानवीय मूल्यों का पक्षधर है। प्रयास किया गया था कि प्रस्तुत संकलन में भावनात्मक तीव्रता को व्यापक कैनवस पर उतारा जा सके, लेकिन अनेक सीमाओं के कारण यह संकलन राष्ट्रीय स्तर पर कही गई सभी रचनाओं को एकत्र नहीं कर पाया। उपरोक्त पुस्तक की कुछ प्रतियां प्रशासन के पास भी पहुंचीं, मीडिया में भी चर्चित हुई और आतंकवादी संगठनों के पास भी पहुंचीं। संकलन में आज़ाद गुलाटी, पद्मा सचदेव, सुरजीत पात्तर, कुमार विकल, परमिंदरजीत, गुरदेव चौहान, विश्वनाथ तिवारी, श्यामसुंदर दीप्ति, जतिंदर जौली, निरुपमा दत्ता, सुभाष रस्तोगी, विनोद शाही, हरभजन हलवारवी, गुरचरण रामपुरी, पाल कौर, नवजीत जौहल आदि के इलावा विजय निर्बाध, शरद बिल्लौर, शमीम फारूकी, बशीर बद्र, बेकल उत्साही, खुमार जालंधरी, फूलचंद मानव, प्रेम पाल शर्मा आदि भी थे।

कोई साजिश कामयाब नहीं होगी

दो टूक
सुशील राजेश
वरिष्ठ पत्रकार

मैंने पंजाब में खालिस्तानी उग्रवाद का पहला दौर देखा है। तरनतारन, मोगा, जालंधर आदि शहरों की संकरी गलियों में नंगी तलवारों के साथ नौजवानों को भी देखा था। सरेआम कत्लेआम का दौर था वह। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, उस दौर में 11,000 से ज्यादा लोगों की हत्याएं की गईं। अनौपचारिक आंकड़े इससे तीन गुना ज्यादा हैं। कथित खाड़कू नेता जरनैल सिंह भिंडरावाला के साथ खालिस्तान समर्थकों की मुट्ठी भर भीड़ ही थी। सेना छोड़कर कुछ लोग भिंडरावाले के साथ मिल गए थे, लिहाजा स्वर्ण मंदिर के भीतर 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' कुछ दिन जरूर चला। अंततः भिंडरावाले और दूसरे खाड़कुओं को सेना ने मार डाला। बेशक अमृतपाल सिंह ने लिबास, पटका, पगड़ी आदि भिंडरावाले जैसे ही पहने थे, वह पंजाबी भी उसी की तरह बोलने की कोशिश करता था। अमृतपाल अच्छी अंग्रेजी बोल लेता है, जबकि भिंडरावाले को अंग्रेजी बिल्कुल नहीं आती थी, लेकिन अमृतपाल सिंह कभी भी भिंडरावाला साबित नहीं हो सकता है।

स्वीकृति नहीं

पंजाब के लोगों में उसकी लोकप्रियता और स्वीकृति नहीं है। पंजाब का औसत सिख भारत और तिरंगे का समर्थक है और उसी के लिए मरने-कटने को तैयार है। सिख हिन्दू-विरोधी भी नहीं है। उनमें रोटी, बेटी और सामाजिकता के रिश्ते हैं। अमृतपाल और उसके साथियों ने पंजाब में कुछ उत्पात जरूर मचाए हैं, लेकिन पंजाब कभी खालिस्तान नहीं बन सकता। यह आलेख लिखने तक अमृतपाल फरार था। उसे 'भगोड़ा' घोषित किया जा चुका है। पंजाब पुलिस का मानना है कि खालिस्तान का नया-झंडाबरदार हरियाणा, हिमाचल, राजस्थान, उप्र और उत्तराखंड में कहीं भी हो सकता है। आकलन है कि वह पाकिस्तान की ओर भाग चुका है। हरियाणा के शाहबाद शहर में वह अपने समर्थक के घर में कुछ दिन पहले जरूर गया था, लेकिन उसके बाद कहां गायब हुआ है, कोई सुराग नहीं है। पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय ने फटकार लगाते हुए पूछा था कि पुलिस के 80,000 से ज्यादा जवान कहां थे और क्या कर रहे थे? यदि अमृतपाल अभी तक फरार है, तो इसमें बीएसएफ और एसएसबी जैसे केंद्रीय अर्द्धसैन्य बलों की भी नाकामी है। पंजाब में सीआरपीएफ की कंपनियां भी तैनात हैं, सीमा पर बीएसएफ व एसएसबी। बेशक वह खाड़कू वेशभूषा बदल रहा है, दाढ़ी को मोड़ कर छोटा कर लिया है, घरों और गुरुद्वारों में घुसकर संरक्षण पा रहा है, लेकिन वह पुलिस और केंद्रीय बलों के शिकंजे से बाहर कैसे है? ऐसे में लगता है कि पुलिस और खुफिया तंत्र में उसके कुछ सूत्र उपस्थित हो सकते हैं, जो उसे रणनीति की जानकारी देते रहे हैं। उसकी फरारी केंद्रीय गृह मंत्रालय की भी विफलता है, क्योंकि पूरा ऑपरेशन उसे रिपोर्ट किया जा रहा है। दरअसल

अमृतपाल को उसी समय दबोच लेना चाहिए था, जब उसने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को 'अंजाम भुगतने' की धमकी दी थी। यदि किसी तरह अमृतपाल कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया आदि देशों तक भागने और शरण पाने में कामयाब हो गया, तो खालिस्तान का एक और उग्रवादी विदेशी ज़मीन पर भारत-विरोधी ज़हर उगलेगा। छोटे-छोटे आंदोलन खड़े करेगा और तिरंगे को बार-बार अपमानित करेगा।

बेहद संवेदनशील

पंजाब एक सरहदी राज्य है, लिहाजा बेहद संवेदनशील अवस्था में है। उसकी सीमाएं पाकिस्तान के अलावा, चीन और नेपाल से भी मिलती हैं। अमृतपाल जिस मर्सिडीज कार में घूमता था, वह भी एक ड्रग माफिया ने उसे मुहैया कराई थी। हथियार अमृतपाल के साथियों को दिए गए और कुछ गुरुद्वारों में रखे गए। पुलिस ने अमृतपाल के 150 से ज्यादा जिन गुर्गों को गिरफ्त में लिया है, उनसे हथियारों और ड्रग्स के सुराग मिल गए होंगे और उनकी जांच जारी होगी! दुबई से अमृतपाल को पंजाब लाने के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की साजिशाना रणनीति थी। केंद्रीय एजेंसियां यह जांच भी कर रही हैं कि नये खालिस्तानी आंदोलन को फंडिंग किन देशों और स्रोतों से मिलती रही है। अमृत पाल सिंह का 'सिख फॉर जस्टिस' और पम्मा नामक उग्रवादी संगठन से तालमेल था। अचानक वह भारत में आया और खालिस्तान का प्रचार करने लगा। दिलचस्प है कि प्रस्तावित खालिस्तान में पाकिस्तान के पंजाब को नहीं रखा गया, जबकि सिख साम्राज्य में महाराजा रणजीत सिंह के राज्य की राजधानी लाहौर थी। अमृतपाल ने न जाने कहां से पढ़ा था अथवा किसी ने उसे घुट्टी पिलाई थी, वह पंजाब और सिखों को भारत का हिस्सा ही नहीं मानता था, लिहाजा 'खालिस्तान' के रूप में अलग देश की मांग उठाई थी। यह कथन ऐतिहासिक तौर पर 'झूठ और गलत' था, तब भी देश के टीवी चैनलों और अख़बारों के कई पत्रकारों ने अमृतपाल सिंह के इंटरव्यू लिये और छापे। उसने प्रस्तावित 'खालिस्तान' में हरियाणा, हिमाचल, राजस्थान और उत्तराखंड के कई हिस्सों की भी मांग की।

ऐतिहासिक सत्य

ऐतिहासिक सत्य यह है कि सिख गुरुओं और गुरु गोविन्द सिंह ने अपने चार बच्चों का बलिदान 'अखंड भारत' की स्वतंत्रता के लिए दिया था। प्रथम सिख गुरु नानक देव हिन्दुस्तान के संत कबीर दास के समकालीन कवि और विचारक संत थे। दोनों का भारत की प्राचीन सभ्यता और संस्कृति में अगाध विश्वास था। 'खालसा' पंथ की जो स्थापना की गई थी, उसके मायने भी 'खालिस्तान' से नहीं थे। लिहाजा सिखों की व्यापक और अंतरंग आस्था के मद्देनजर भी दावा किया जा सकता है कि पंजाब कभी भी खालिस्तान नहीं बनेगा। अमृतपाल सिंह के नये आंदोलन की प्रतिक्रिया में ब्रिटेन,जर्मनी, कनाडा, इटली और ऑस्ट्रेलिया में भारतीय दूतावासों पर मुट्ठीभर हुड़दंगियों ने हंगामा किया। वे प्रयास हमलावर ही थे, क्योंकि तिरंगा उतार कर खालिस्तान का प्रस्तावित-झंडा फहराने के दुस्साहस किए गए। भारत का अपमान किया गया। इन देशों में मानवाधिकार और अभिव्यक्ति की आज़ादी की आड़ में खालिस्तान समर्थक हंगामे होते रहे हैं। ये देश भारत के साथ मित्रता के आडंबर रचते रहे हैं, लेकिन विरोधी भीड़ को रोक नहीं सकते। ये देश आज भी भारत को एक 'बड़ी मंडी' के अलावा कुछ नहीं मानते, लिहाजा विदेशी ज़मीन पर खालिस्तान आज भी जिंदा है। बहरहाल प्राथमिकता यह है कि अमृतपाल और उसके बचे-खुचे गुर्गे भारत में गिरफ्तार हों और उन्हें कानूनी निष्कर्ष तक पहुंचाया जा सके।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

काग्रेस के राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द को लेकर काग्रेस के रामेश्वर मेवाड़ा ने जताया रोष

गरीबो का सितारा

ब्यावर(अनिल सिखवाल)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता रद्द करने के भाजपाई षड्यंत्र की निंदा करते हुए ,राज.प्रदेश

कांग्रेस के विधि विभाग के निवर्तमान प्रदेश महामंत्री एडवोकेट रामेश्वर मेवाड़ा ने इसे लोकतंत्र की हत्या व लोकतंत्र का काला दिवस बताया व इसे अलोकतांत्रिक व सच्चाई की आवाज को दबाने वाला हिटलरशाही कार्य बताया।एडवोकेट रामेश्वर मेवाड़ा ने बताया कि जब अधीनस्थ न्यायालय ने ही सजा को एक माह के लिए स्थगित कर दिया तो राहुल गांधी को उक्त निर्णय की अपील होने बाबत संवैधानिक से वंचित करते हुए जल्दबाजी में महज राहुल गांधी से मोदी सरकार ने डर कर सदस्यता को रद्द किया है जो देश के सम्मानित नागरिक के संवैधानिक अधिकारो का हनन है।जिसकी ब्यावर ब्लॉक उपाध्यक्ष प्रकाश साँखला, वरिष्ठ कर्मचारी नेता भंवरलाल वैष्णव, गजेंद्र सिंह रावत, हरि सिंह रावत सहित अनेक कांग्रेस जनों ने निंदा की है।

गंगापुर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा आयोजन में अर्जुन राणा के भजनों पर झूम उठे भक्तगण

गरीबों का सितारा

गंगापुर/ दिनेश लक्षकार। बजरंग कीर्तन सांस्कृतिक कला मंडल द्वारा आयोजित मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व कलश स्थापना कार्यक्रम के तीसरे दिन अर्जुन राणा के भजनों पर श्रोता जमकर नाचे । देर रात्रि तक चली भजन संध्या में सैकड़ों धर्मप्रेमी लोगो द्वारा भजन संध्या में उपस्थिति प्रदान की गई।मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद उपाध्याय ने बताया कि मण्डल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिदिन दोपहर एक बजे से चार बजे तक रामकथा के आयोजन साथ रात्रि 8 बजे से नानी बाई मायरा का वाचन किया जा रहा है।

रामचरितमानस राम के चरित्र को आम व्यक्तियों के चरित्र से जोड़ता है

गरीबो का सितारा

गंगापुर/ दिनेश लक्षकार सहाड़ा। ग्राम में तीसरे दिन की संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन किया गया जिसमें पंडित विनोद कुमार शास्त्री द्वारा बताया गया कि तुलसीदास रचित रामचरितमानस वास्तविकता में देखा जाए तो राम के चरित्र को आम व्यक्तियों के चरित्र में जोड़ने का कार्य करता है ।जो कई जन्मों से भगवान के प्रति भक्ति एवं सत्संग भाव मनु और शतरूपा के जैसे रखते हैं जिस परिवार में माता-पिता पूर्ण संस्कारी और धार्मिक विचारधारा के होंगे एवं उनके मन में राम बसा होगा उन्हीं की संतान आगे जाकर राम के समान होगी। इसलिए हमें धन और दौलत कमाने के साथ-साथ बच्चों को संस्कारवान और निष्ठावान बनाने का नियमित प्रयत्न करना चाहिए तभी जाकर एक मजबूत परिवार सुदृढ़ गांव और संपन्न राष्ट्र का निर्माण संभव हो पाएगा। संगीतमय श्री रामकथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में महिलाऐ एवं पुरुषवर्ग चामुंडा माता मंदिर आ रहे हैं कथा का आनंद ले रहे हैं।

हुरडा स्कूल में विधार्थियों के लिए विशेष परामर्श शिविर आयोजित

गरीबो का सितारा

गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव हुरडा। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। फाइट अगेंस्ट ऑटिज्म सोसायटी और कार्यालय अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक भीलवाड़ा के संयुक्त तत्वाधान में सीडब्ल्यूएसएन बालकों के लिए फिजियोथेरेपी, साइकोलॉजिस्ट, स्पीच थेरेपी असेसमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ विनोद कुमार श्रीवास्तव अध्यक्षता प्रधानाध्यापक सत्येंद्र गर्ग एवं विशिष्ट अतिथि पवन जोशी संदर्भ व्यक्ति द्वारा की गई ' विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण व ऊपरना पहनाकर स्वागत किया गया' प्रधानाध्यापक सत्येंद्र गर्ग द्वारा दिव्यांगजनों को सहज बनाने हेतु राज्य सरकार द्वारा जारी योजनाओं जैसे छात्रवृत्ति शिक्षा और अन्य योजनाओं की जानकारी दी ' अभिभावकों को अधिक से अधिक विद्यालय से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ विनोद कुमार श्रीवास्तव द्वारा अभिभावकों को सीडब्ल्यूएसएन बच्चों की देखरेख और उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की ' फाइट अगेंस्ट ऑटिज्म सोसाइटी से मनोवैज्ञानिक बृजमोहन कुलमी, स्पीच थैरेपिस्ट संदीप राठौड़ और फिजियोथैरेपिस्ट अंकित सांखला ने असेसमेंट कार्यक्रम में अपनी सेवाएं प्रदान की ' परामर्श शिविर में 50 अभिभावक और 50 बच्चों ने सेवाओं का लाभ लिया ' इस कार्यक्रम में देवेंद्र देव जोशी ब्लॉक संदर्भ व्यक्ति, वरिष्ठ अध्यापक महादेव गिरी गोस्वामी एवं निर्मल जांगिड़ भी उपस्थित रहे ' अंत में ब्लॉक संदर्भ व्यक्ति पवन जोशी ने आभार प्रकट किया।

विधायक जौहरीलाल मीना ने शनिवार को ओलावृष्टि की जांच के लिए प्रभावी आदेश दिए

पंचायत समिति रैणी सभागार मे शनिवार को इसके लिए विधायक मीना ने आवश्यक मिटिंग बुलाई और सम्बन्धित जिम्मेदार अधिकारियो को सख्त निर्देश दिए

गरीबों का सितारा

रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना। अलवर जिले की राजगढ-लक्ष्मणगढ विधानसभा क्षेत्र के गांवो मे शुक्रवार को शाम 4 बजे के लगभग भयंकर रूप से ओलावृष्टि हुई जिससे अधिकांश जगह पर तो गेंहू चने की फसल मे बहुत ही ज्यादा नुकसान हुआ है इसी को ध्यान मे रखते हुए शनिवार को ही पंचायत समिति रैणी के सभागार मे स्थानीय विधायक जौहरीलाल मीना व रैणी प्रधान ने तथा रैणी एसडीएम रिया डाबी सहित रैणी तहसीलदार सौरव सिंह गुर्जर व रैणी बीडीओ कालूराम मीना व रैणी एसएचओ ओमप्रकाश मीना तथा सभी ग्राम विकास अधिकारी व सभी पटवारी , कानून गो और कृषि पर्यवेक्षको की ली आवश्यक मिटिंग और जल्द से जल्द ओलावृष्टि जांच के प्रभावी आदेश दिए और जल्द से जल्द गिरदावर तैयार कर भेजने के निर्देश दिए। शनिवार को ही अलवर कलेक्टर डाक्टर जितेंद्र कुमार सोनी भी किसान हित को ध्यान मे रखते हुए फसल बीमा कम्पनी एसबीआई जनरल इन्श्योरेन्स कम्पनी के अधिकारियो को साथ लेकर रैणी क्षेत्र के बबेली , भक्त का बास और पाडा गांवो का दौरा किया और मौके पर ही फसल बीमा कम्पनी एसबीआई जनरल कम्पनी के अधिकारियो को नुकसान दिखाया तथा इसके बाद कलेक्टर सोनी लक्ष्मणगढ क्षेत्र की ग्राम पंचायत खेड़ामंगलसिंह भी पहुंचे और वहा पर भी गेंहू की फसल मे ओलावृष्टि के नुकसान को बीमा कम्पनी को दिखाया तथा कलेक्टर अलवर ने इस दौरान किसानो का भी दुख दर्द सुना और बीमा कम्पनी के अधिकारियो को भी पीड़ित किसान परिवार से भी रूबरू कराया।इसके लिए सभी आमजन ने अलवर कलेक्टर सोनी की तारीफ की है क्योंकि कलेक्टर ने किसान का दुख को अपना दुख समझा है इसलिए ही तो बीमा कम्पनी के अधिकारियो को स्वयं ही साथ लेकर आये है और खेतो मे हुए नुकसान को देखा है। इधर विधायक मीना ने सम्बन्धित एसडीओ और तहसीलदार तथा कृषि अधिकारियो को सख्त निर्देश दिए है कि आप सभी अविलंब जल्द से जल्द नुकसान की रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियो तक पहुंचाये जिससे समय पर किसानो को नुकसान का मुआवजा मिल सके। शनिवार को लगभग सारे दिन ही विधायक जौहरीलाल मीना व रैणी प्रशासन फील्ड मे ही रहे और किसान के खेत पर जाकर ओलावृष्टि से हुए नुकसान का जायजा लिया। मिडिया को यह सारी जानकारी स्थानीय विधायक जौहरीलाल मीना के निजि सहायक मोनू शर्मा के द्वारा दी गई है।

राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर आयोजित

गरीबो का सितारा

वी.पी.मीणा बहरोड़। राजकीय महाविद्यालय बहरोड़ में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं द्वितीय का तीसरा एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर के

दौरान आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार शर्मा ने स्वयं सेवकों को समर्पित भाव से समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करने का आह्वान किया । राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम की कार्यक्रम अधिकारी अनिता राज ने स्वयं सेवकों को विभाग के कैलेंडर के अनुसार वर्षभर होने वाली गतिविधियों में जो कार्य किए गए थे उनका संक्षेप में ब्यौरा दिया। और साथ ही एक दिवसीय शिविर के दौरान सभी स्वयं सेवकों को महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई करने,पेड़ों के चारों तरफ खुदाई करके गोल घेरा बनवाया,ताकि अधिकाधिक पानी देकर ग्रीष्म काल में पौधों को बचाया जा सके।उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प पौधे लगाना नहीं हैं अपितु उनको पेड़ बनाना भी है।कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि शिविर के दौरान सभी स्वयंसेवकों ने पूरी मेहनत और लगन से महाविद्यालय परिसर को साफ सुथरा बनाया।कक्षा कक्षों में जाले उतारे, गमलों को पेंट करके सुंदर बनाया।इस दौरान निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।निबंध प्रतियोगिता में छात्र यशपाल यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । वहीं पोस्टर प्रतियोगिता में स्वयंसेविका देवांसी,निशा तथा कीर्तिबाई ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर संदीपन आर्या ,मनमोहन सैन,प्रेमपाल यादव,विनय यादव,अनिल कुमार, ज्योति वर्मा विनीता भदौरिया, कौशल मिश्रा मनोज रामनिवास समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

पूर्व प्रतिपक्ष नेता नरेन्द्र मीना ने ओलावृष्टि से प्रभावित गांवों का दौरा कर नुकसान का लिया जायजा

गरीबो का सितारा

लक्ष्मणगढ़(अलवर)। पूर्व प्रतिपक्ष नेता नरेन्द्र मीना ने शनिवार को कार्यकताओं साथ ओलावृष्टि से प्रभावित आधा दर्जन से अधिक गांवो का प्रशासनिक अधिकारियों के साथ दौरा कर नुकसान का जायजा लिया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम हुई ओलावृष्टि से प्रभावित गांवों का शनिवार को पूर्व नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र मीणा ने तहसीलदार व पटवारियों के साथ के दौरा कर ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का जायजा लिया। नरेन्द्र मीना ने खेतों में पहुंचकर किसानों से चर्चा की।किसानों ने नरेन्द्र मीना को बताया कि ओलावृष्टि से किसानों की फसलें 80 प्रतिशत तक खराब हो गई है। उन्होंने ने खराब हुई फसलों सर्वे कराकर मुआवजा देने की मांग की। जिस पर नरेंद्र मीणा ने तहसीलदार, रैणी विकास अधिकारी कालूराम मीणा, पटवारी व बीमा कंपनी के अधिकारियों से बात कर अतिशीघ्र खराबे का सर्वे किए जाने का आश्वासन किसानों को दिया। सर्वे में भेदभाव न करते हुए मुआवजा वितरण किए जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र मीणा, सरपंच प्रभु दयाल सैनी, तहसीलदार सुमित भारद्वाज, पटवारी शिवराम बुंदेला, वीडीओ श्याम सुंदर, सुनील कुमार, विनोद जाटव सहित दर्जनों की तादाद में ग्रामीण मौजूद रहे।

नन्हे-मुन्ने छात्रों ने ग्रेजुएशन डे सेलिब्रेट किया गया

गरीबों का सितारा

ब्यावर (अनिल सिखवाल)। वर्द्धमान ग्रुप के तत्वावधान में श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल में एक बेहद ही खूबसूरत नजारा देखने को मिला। जिसमें क्लास वन में प्रवेश कर रहें नन्हे-मुन्ने छात्रों का ग्रेजुएशन डे सेलिब्रेट किया गया। इसमें बच्चों ने जमकर अपने प्रतिभाओं का प्रदर्शन भी किया। जिसमें बच्चों तथा शिक्षको ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य और गाना गाकर सेलिब्रेशन को और रोमांचक बनाया।नन्हे-मुन्ने बच्चों को आल राउंडर अवार्ड (अविरल सुराणा) स्टार ऑफ द ईयर (जैनम पीपारा)बेस्ट अकादमिक स्टूडेंट (दिविशा शर्मा एवं लक्ष्य चौधरी) बेस्ट टैलेंटेड स्टूडेंट (चार्वी, चारुशी, हुनर) बेस्ट एथलेटिक (झिलमिल वर्मा)बड्डिंग स्टार अवार्ड (करणवीर सोनी) आदि पुरस्कार दिए गए इस ग्रेजुएशन डे सेलिब्रेशन कार्यक्रम में वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख, अकादमिक निदेशक डॉ. आर.सी.लोढा, डॉ. नीलम लोढ़ा, श्रीमती ज्योति माहेश्वरी, श्रीमती ज्योति, श्रीमती आशा तथा सभी विद्वान शिक्षकगण, नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ साथ उनके माता-पिता भी मौजूद रहे बच्चों के इस ग्रेजुएशन डे पर पेरेंट्स बहुत उत्साहित नजर आए और उन्होंने कहा कि यह बच्चों को आगे बढ़ने और जिंदगी में कुछ करने के लिए प्रेरित करने का एक बहुत ही अच्छा मार्ग है।कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमती श्वेता नाहर ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

राजस्थान के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय सीपी जोशी को बधाई देने पहुंचे दिल्ली निवास पर कार्यकर्ता

गरीबों का सितारा

युवराज शर्मा अलवर। शनिवार 25 मार्च 2023 को सांसद चितौड़गढ़ व नव नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष भाजपा राजस्थान चंद्रप्रकाश जोशी जी को उनके दिल्ली निवास पर प्रमोद कुमार विजय ज़िला उपाध्यक्ष अलवर दक्षिण के नेतृत्व में भाजपा के नेताओं ने जोशी जी को आगामी कार्यकाल की सफलता के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी आपके कुशल नेतृत्व में संगठन नित्य नई ऊंचाई प्राप्त करेगा। 2023 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी राजस्थान में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। जोशी को साफा पहनाकर व गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया ।। अलवर से व पूरे राजस्थान से लगातार भाजपा कार्यकताओं व नेतायों का जोशी के निवास पर बधाई देने वालो का तांता लगा हुआ है। राजस्थान भाजपा में बहुत जोश व उत्साह देखते बन रहा है ।। सोमवार 27 मार्च 2023 को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी दोपहर 1:00 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय जयपुर मे पद ग्रहण करेंगे। अलवर जिले के सभी कार्यकर्ता व नेतागण राजस्थान प्रवेश द्वार अलवर बाई पास बहरोड़ सुबह 7 :30 बजे स्वागत करेंगे। प्रमोद विजय के साथ भाजपा अलवर के जिलाउपाध्यक्ष राजेंद्र कसाना भाजपा दक्षिण व रूप सिंह चौधरी , विस्तारक जितेन्द्र चौधरी लीली , रामेश्वर मेजर धीर सिंह आदि साथ रहे।

कांग्रेस जनों ने आक्रोशित होकर नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका

गरीबों का सितारा

भीलवाड़ा। शाहपुरा कस्बे में दर्जनों कांग्रेसी जनों ने आक्रोशित होकर त्रिमूर्ति चौराहे पर नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका एवं जमकर नारेबाजी की जानकारी के अनुसार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने पर कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकताओं द्वारा त्रिमूर्ति चौराहे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। एवं कांग्रेस नेताओं ने सरकार और नरेंद्र मोदी को आड़े हाथों लेते हुए प्रदर्शन में शामिल कांग्रेश जनों पर मुकदमा दर्ज कर जेल में डालने का आह्वान किया एवं सरकार के विरोध में जमकर नारे लगाएं प्रदर्शन से पूर्व दिल कुशालबाग की बालाजी वाटिका में कांग्रेस जनों ने बैठक का आयोजन किया एवं आने वाली समय में रणनीति विरोध प्रदर्शन पर गहनता से विचार-

विमर्श किया बैठक के पश्चात कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी नारेबाजी करते हुए सदर बाजार होते हुए त्रिमूर्ति चौराहा पहुंचे और अपना विरोध आक्रोश का प्रदर्शन करते हुए नरेंद्र मोदी के पुतला का दहन किया दर्ज करायापरइस मौके पर पूर्व प्रधान गजराज सिंह राणावत, हमीद खान, दुर्गा बेरवा ,चेतन पेशवानी, दिलीप गुर्जर, जयंत जीनगर ,आदि दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

मौजपुर से धोलागढ़ देवी के लिए पदयात्रा आज होगी रवाना

गरीबों का सितारा

लक्ष्मणगढ़(अलवर)। लक्ष्मणगढ़। नगर पालिका के मौजपुर गांव से धोलागढ़ देवी के लिये रविवार की सुबह पद यात्रा रवाना होगी। मोहित जैन ने बताया कि हर वर्ष की भांति नवयुवक मंडल मौजपुर द्वारा रविवार को धौलागढ़ देवी धाम के लिए मौजपुर से पदयात्रा रवाना होगी। चैत्र नवरात्रि में मौजपुर से धौलागढ़ पैदल यात्रा निकाली जाती है। जिसमे मौजपुर सहित आसपास के गांवो से कई सैकड़ो पद यात्री रवाना होते है।

कवि सम्मेलन को देखने के लिये उमड़े कस्बेवासी

गरीबों का सितारा

लक्ष्मणगढ़(अलवर)। आदर्श कला मण्डल लक्ष्मणगढ़ के द्वारा श्री सार्वजनिक पुस्तकालय के सहयोग से कस्बे के पुरानी सब्जी मंडी में स्थित रामलीला मैदान में शुक्रवार की रात्रि विशाल राष्ट्रीय चेतना कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सार्वजनिक पुस्तकालय के अध्यक्ष रवि कुमार शर्मा ने बताया कि कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि कांग्रेस की पूर्व प्रदेश सचिव मीना गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर कवि सम्मेलन का उद्घाटन किया। बाद में वीर रस कवि किशोर पारीक, व्यंग कवि सुरेंद्र सार्थक, हास्य कवि नानक नवीन, गीत गजल व श्रृंगार कवि उषा दास मधुबनी बिहार तथा राष्ट्रीय कवि गीतकार अमित आजाद, गीतकार सिद्धार्थ कुमार शाहपुर एवं योगेश वशिष्ट के द्वारा अपनी कविताओं से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया और कुछ कवियों ने उपस्थित श्रोताओं को जमकर हंसा हंसा कर लोटपोट कर दिया।

भारत स्वाभिमान व पतंजलि योग समिति ब्यावर ने बढ़ाया मान

गरीबों का सितारा

ब्यावर (अनिल सिखवाल)। विश्व क्षय रोग दिवसह्न के उपलक्ष्य में जिला प्रोग्राम कमेटी व जिला स्वास्थ्य समिति, अजमेर द्वारा एक निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में ह्नभारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति, ब्यावरह्न को राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत पी.एम.टी.बी.एम.भारत अभियान के क्षेत्र में वर्ष 2022झ23 में अपनी विशिष्ट सेवाएं देने पर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में जिला कलेक्टर अंशदीप के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अनुज कुमार पींगोलिया तथा जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ लोकेश कुमार गुप्ता उपस्थित थे। जिला टी.बी.प्रोग्राम कमेटी के अधिकारियों द्वारा ह्नभारत स्वाभिमान व पतंजलि योग समिति, ब्यावरह्न के द्वारा क्षय उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे अभियान की भूरीझभूरी प्रशंसा की गई व ब्यावर से पधारे दल को स्मृति चिन्ह व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।ज्ञात हो कि पिछले 3 माह से माह के प्रत्येक प्रथम रविवार क्षय रोगियों को चिकित्सकीय सेवाएं व सलाह के साथ साथ पौष्टिक आहार वितरित किया जा रहा है।

संभाग स्तरीय दल ने किया माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा केंद्र मिशन बालिका का सघन निरीक्षण

गरीबों का सितारा

ब्यावर(अनिल सिखवाल)। संयुक्त निदेशक अजमेर राजेंद्र शर्मा के दल जिसमें शौकत अली एडीईओ सुरेश राठी एडीइओ उड़नदस्ता संभाग स्तर ने मिशन गर्ल्स उच्च माध्यमिक विद्यालय ब्यावर बोर्ड परीक्षा केंद्र का सघन निरीक्षण किया केंद्र अधीक्षक गजेंद्र तुनगारिया के अनुसार निरीक्षण दल ने निरीक्षण के दौरान बोर्ड परीक्षा का संचालन नियमानुसार पाया गया एवम् परीक्षा रिकॉर्ड संधारण उपयुक्त पाया गया। अतिरिक्त केंद्र अधीक्षक नरेंद्र फुलवारी परीक्षा प्रभारी गुरुशरण गोयल सहित स्टाफ उपस्थित रहे।

हेड कांस्टेबल से एएसआई बने फूलचंद व बलवीर, सीआई हिम्मत सिंह ने लगाए स्टार

गरीबों का सितारा

खंडेला(अरविन्द कुमार)। खंडेला धाम स्थित गणेश मंदिर में शनिवार को हेड कांस्टेबल से एएसआई बने फूलचंद सैनी व खंडेला थाने के बलवीर पावंडा के रींगस थानाधिकारी हिम्मत सिंह ने स्टार लगाकर सदैव पुलिस का इकबाल कायम रखने के लिए प्रेरित किया। इस कार्य में सीआई हिम्मत सिंह का खंडेला थाने के एएसआई भागीरथ सिंह द्वारा सहयोग किया गया। इससे पहले फूलचंद सैनी व बलबीर पावंडा ने गणेश जी महाराज की पूजा अर्चना की। इस दौरान रींगस व खंडेला पुलिस थाने का स्टाफ मौजूद रहा।

कांग्रेस के युवा एवं ओजस्वी नेता मनोज चौहान बहुसंख्यक कार्यकताओं के साथ जयपुर पहुंचे

ब्यावर जिले की घोषणा के बाद प्रथम मौका था जब चौहान अपने राजनीतिक भगवान माननीय मुख्यमंत्री गहलोत साहब को धन्यवाद देने पहुंचे

चौहान ने संतों एवं ऋषि मुनियों का पाया आशीर्वाद

गरीबों का सितारा

ब्यावर(अनिल सिखवाल)। माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के द्वारा पिछले दिनों ब्यावर के जिले की घोषणा के बाद कांग्रेस युवा नेता मनोज चौहान शुक्रवार को बड़ी संख्या में कार्यकताओं के साथ जयपुर पहुंचे। जहां उन्होंने ब्यावर की बरसों पुरानी मांग पूरी कर जिले की घोषणा करने पर अपने राजनैतिक भगवान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत साहब का आभार जताते हुए जिला स्तर के कार्यालयों को शीघ्र ही स्थापित करने की मांग भी की। जिससे शहर भी विकास की रफ्तार पकड़ सके। कांग्रेस ओजस्वी एवं युवा नेता मनोज चौहान ने जिले की मांग को लेकर पूर्व में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क किया था। इस दौरान शहरी क्षेत्र में जहां वार्ड-वार्ड तो ग्रामीण क्षेत्र में गांव-ढाणी तक जाकर उन्होंने जनता से समर्थन प्राप्त किया। इस पर राजनीति से ऊपर उठकर विभिन्न समाज-संगठनों ने भी उनके इस आंदोलन में सहयोग करते हुए उन्हें समर्थन पत्र सौंपे। इन समर्थन पत्रों को मनोज चौहान ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तक पहुंचाकर ब्यावर की बरसों पुरानी मांग पूरी करने का आग्रह किया। जिले के साथ उन्होंने उपखंड के सबसे बड़े राजकीय अमृतकौर अस्पताल के कायाकल्प की भी मांग की थी। इसकी वजह थी बरसों पुरानी अस्पताल बिल्डिंग के जर्जर होने की वजह से इसके कभी भी गिरने का अंदेशा, क्योंकि उक्त बिल्डिंग डाक बंगले के साथ ही बनी थी, जो पूर्व में भर-भराकर ढह गया था। ऐसे में मरीजों व परिजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मनोज चौहान ने सीएम से इस संबंध में अस्पताल की नई बिल्डिंग के लिए बजट मंजूर करने की मांग भी की थी। इनके अलावा साकेत नगर थाना, गर्ल्स कॉलेज का नामकरण पंडित बृजमोहनलाल शर्मा के नाम पर करने, हार्ट और ट्रोमा यूनिट की मांग थी। इन सभी मांगों को मुख्यमंत्री ने पूरी कर चौहान को राहत प्रदान की। सरकार का आभार जताने के लिए शुक्रवार को मनोज चौहान कार्यकताओं के साथ जयपुर पहुंचे, लेकिन मुख्यमंत्री के अचानक दिल्ली जाने की वजह से वे मुख्यमंत्री के ओएसडी व अन्य अधिकारियों से मिले और उन्हें सरकार द्वारा ब्यावर जिले सहित अन्य मांगे पूरी करने पर आभार जताया। मनोज चौहान के साथ ब्यावर के संत भी जयपुर पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री आवास पर उप मुख्य सचेतक महेंद्र चौधरी और मुख्यमंत्री के ओएसडी देवाराम सैनी सहित अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इनमें महामंडलेश्वर कपिल मुनि, श्री प्रसन्न गणपति मंदिर के महंत फतेहगिरी, रामद्वारा के संत केवलराम सेंदड़ा रोड शिव मंदिर महंत द्वारकागिरी सहित अन्य संत शामिल थे। उन्होंने भी ब्यावर को जिला घोषित किए जाने और अमृतकौर अस्पताल कायाकल्प व साकेत नगर थाने के लिए सरकार का आभार जताया।

लापरवाही आई सामने...

शाहपुरा नगर पालिका क्षेत्र में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के हार्डिंग जमीन पर मिले

गरीबों का सितारा

भीलवाड़ा। शाहपुरा नगर पालिका के केकड़ी चौराहे पर कलिंजरी गेट दशहरा मैदान आदि क्षेत्र में अधिकारियों एवं कर्मचारी की लापरवाही गेर जिम्मेदारी की वजह

से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के हार्डिंग जमीन पर कांटे वाली झाड़ियों एवं गंदगी वाली जगह एवं फटे हाल में नजर आए एवं मुख्यमंत्री का अपमान सार्वजनिक रूप से नजर आया जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के होल्डिंग के साथ राजनीतिक द्वेषता एवं छवि को धूमिल करने की नियती से सार्वजनिक आबादी वाले क्षेत्रों में जमीन पर रखकर दुर्दशा की गईमुख्यमंत्री द्वारा 50 जिले बनाने एवं शाहपुरा को जिला बनाने के हार्डिंग शाहपुरा नगर पालिका क्षेत्र मेंजमीन पर रखे हुए नजर आए सरकारी अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया जब इस पर ध्यान दिलाया गया तो जानकारी नहीं होना बताया गया और जिम्मेदारों के क्षेत्र में मुख्यमंत्री जैसे पद को शर्मसार करते सार्वजनिक नजारों पर चुप्पी साध ली गौरतलब है कि पूर्व में भी त्रिमूर्ति स्मारक पर कांग्रेश के यशस्वी मुख्यमंत्रियों के शिलालेख पर राजनीति करते हुए नाम पट्टीका को दबा दिए गया जो आज वर्तमान में भी आधे दबे हुए हैं और अब मुख्यमंत्री के हार्डिंग जमीन पर फटे हाल में है जनता राजनीतिक रूप में देख रही है आरोप लगाए जा रहे हैं कि मुख्यमंत्री के हार्डिंग पर जाने अनजाने मल मूत्र विसर्जन करने एवं जानबूझकर फाड़ने के आरोप लगाए जा रहे हैं और कहा जा रहा है कि प्राकृतिक रूप से तेज हवा से होल्डिंग फटे नहीं है शाहपुरा को जिले की सौगात देने वाले की यह दुर्दशा सोचनीय है और जनता में आक्रोश है इस घटनाक्रम को राहुल गांधी की सदस्यता खत्म करने और मुख्यमंत्री के बयानों को लेकर भी जोड़ा जा रहा है।

बावड़ी के शहीद हवलदार दीपचंद वर्मा को मिला गैलंट्री अवॉर्ड

गरीबों का सितारा

जाजोद(अरविन्द कुमार)। सीआरपीएफ की 179 वीं बटालियन में सेवा देते हुए देश पर कुर्बान हुए शहीद हवलदार दीपचंद वर्मा को मरणोपरांत पुलिस वीरता पदक से नवाजा गया। शहीद हवलदार वर्मा का यह सम्मान उनकी वीरांगना सरोज देवी को छत्तीसगढ़ में आयोजित हुई सीआरपीएफ की 84 वीं परेड में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा प्रदान किया गया। काबिले गौर है कि बावड़ी निवासी शहीद दीपचंद वर्मा सीआरपीएफ की 179 वीं बटालियन में तैनाती के दौरान 1 जुलाई 2020 को जम्मू कश्मीर के सोपोर के बारामुला में आतंकवादियों से हुई मुठभेड़ में घायल होने के बाद भी दो आतंकवादियों को मार गिराया था जिसके बाद वीरगति को प्राप्त हो गए थे। शहीद हवलदार दीपचंद वर्मा के इस अदम्य साहस और उच्च कोटि की वीरता के कारण भारत के राष्ट्रपति द्वारा जारी किया गया पुलिस वीरता पदक भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा प्रदान किया गया।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का विरोध प्रदर्शन आज, पीएम का पुतला फूकेंगे

गरीबों का सितारा

लक्ष्मणगढ़(अलवर)। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लक्ष्मणगढ़ के द्वारा रविवार को कस्बे के भगत सिंह सर्किल पर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की सांसद सदस्यता रद्द करने के विरोध में विरोध प्रदर्शन कर पीएम नरेंद्र मोदी का पुतला फूकेंगे। ब्लॉक अध्यक्ष नवीन शर्मा हरसाना ने बताया की कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी भगत सिंह सर्किल पर एकत्रित होंगे ओर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारियों के अलावा सरपंच, पंचायत समिति सदस्य भी मौजूद रहेंगे।

राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन मे विस्तार करते हुए अलवर जिले मे राजगढ-लक्ष्मणगढ विधानसभा उपाध्यक्ष पद पर एडवोकेट भगवती प्रसाद मीना को नियुक्त किया

ये नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राजस्थान प्रदेश संयुक्त सचिव/अलवर जिला संयुक्त सचिव महेश चन्द मीना की सिफारिश पर दी गई है

गरीबों का सितारा

रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना। राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीना ने मिडिया को बताया है कि हमारा यह संगठन पूरे भारत देश के सभी राज्यो मे बहुत तेजी से सक्रिय व लोकप्रिय होता ही जा रहा है और आमजन के हित मे भ्रष्टाचार के खिलाफ व महिला अत्याचार के खिलाफ और शोषण के विरूद्ध व बाल श्रम के खिलाफ लगातार परैवी कर रहा है , हमारे इस संगठन का मुख्य उद्देश्य है कि भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरो के खिलाफ जबरदस्त मुहिम चलाना है और महिलाओ के अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाना व भ्रष्टाचारियो का पदार्फाश करना है तथा पुलिस प्रशासन का भी अच्छा सहयोग करना है तथा आरटीआई एक्ट 2005 का उपयोग कर भ्रष्टाचार को भी उजागर करना है एवं अन्य दूसरे भी कई प्रकार भी काम जो आमजन के हित मे हो। यह संगठन भारत सरकार द्वारा रिकोग्नाइज्ड संगठन है और इस संगठन का रजिस्ट्रेशन नम्बर 26/2019 है , यह संगठन बहुत ही तीव्र गति से पूरे भारत देश मे सभी जगह अनवरत रूप से विस्तार कर रहा है। शनिवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीना ने अलवर जिले मे राजगढ-लक्ष्मणगढ विधानसभा उपाध्यक्ष एडवोकेट भगवती प्रसाद मीना को नियुक्ति दी है। ये नियुक्ति राजस्थान प्रदेश संयुक्त सचिव/अलवर जिला संयुक्त सचिव महेश चन्द मीना की सिफारिश के आधार पर राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीना के द्वारा दी गई है। इसी विस्तार की कडि मे ही राष्ट्रीय अध्यक्ष की सहमति से राजस्थान प्रदेश संयुक्त सचिव महेश चन्द मीना (अलवर जिला संयुक्त सचिव) द्वारा भी अलवर की रैणी तहसील से भी लगातार संगठन सदस्य बनाये जा रहे है राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेशानुसार सभी को निःशुल्क सदस्यता दी जाती है। इस संगठन मे संगठन सदस्य निःशुल्क सदस्य बनाये जाते है तथा संगठन सदस्य को पदाधिकारी द्वारा मनोनयन पत्र जारी किया जाता है। यह संगठन आमजन के हित मे सम्बन्धित जिम्मेदार उच्चाधिकारीगणो से सहयोग प्राप्त कर ही कामयाबी प्राप्त करने मे विश्वास रखता है। मिडिया को यह सारी जानकारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीना के द्वारा दी गई है।

राईट टू हेल्थ बिल की विसंगतियों को लेकर भी चिकित्सकों में रोष

राइट टू हेल्थ बिल की विसंगतियों को सरकार करें दूर

गरीबों का सितारा

ब्यावर(अनिल सिखवाल)। राइट टू हेल्थ बिल की विसंगतियों को लेकर शनिवार को प्राइवेट चिकित्सकों में काफी रोष देखने को मिला गत दिनों भी क्षेत्र के स्थानीय चिकित्सकों ने जयपुर में प्रदर्शन कर रहे प्रदेश के चिकित्सकों पर बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज करने के विरोध में चिकित्सकों ने शांतिपूर्वक कैंडल मार्च भी निकाला था शनिवार को राइट टू हेल्थ बिल को लेकर स्थानीय हॉस्पिटल जय क्लीनिक में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमे आईएमए के सभी सदस्यों व स्थानीय निजि चिकित्सालयों के चिकित्सक विद्यमान रहे डॉ. प्रदीप शारदा एवं डॉ. सीपी सिंहल का कहना है कि सरकार के द्वारा पारित राइट टू हेल्थ बिल के विरोधी नहीं है लेकिन उक्त बिल की विसंगतियों को दूर करना अति आवश्यक है। साथ ही उनका यह भी कहना है कि सर्वोच्च अदालत के विभिन्न कई निर्णयो में बार-बार यह कहा गया है कि संविधान के आर्टिकल 21 में प्रदत्त राइट टू लाइफ में राइट टू हेल्थ अपने आप ही निहित हैं इसलिए अलग से कानून बनाकर स्वास्थ्य क्षेत्र के संचालन को जटिल नही बनाया जाना चाहिए चिकित्सकों का यह भी कहना था कि सारे प्रावधान विभिन्न कानूनों के माध्यम से पहले से मिले हुए हैं फिर यह राइट टू हेल्प बिल नया क्यों ? साथ ही निजी चिकित्सकों ने ये भी कहा है कि सरकार द्वारा बार-बार यह कहा जा रहा है कि प्रस्तावित राइट टू हेल्थ बिल डब्ल्यूएचओ एवं सर्वोच्च अदालत के निदेर्शों के अनुरूप है यदि यह सत्य है तो डब्ल्यूएचओ अथवा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के ऐसे किसी आदेश को सार्वजनिक किया जाए डॉ दिलीप चौधरी ने बताया कि यह सार्वभौमिक सत्य है कि नागरिकों को इलाज उपलब्ध करवाना (राज्य) सरकारों का दायित्व है इस दायित्व को सरकार किसी भी स्व वित्तपोषित निजी संस्था पर कदापि नहीं डाल सकती है सरकार के पास इतने बड़े तंत्र के बावजूद यदि सरकार जनता को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं नहीं दे पा रही है तो यह सरकार के तंत्र की विफलता है उक्त अवसर पर डॉ क्षमा शील गुप्त का कहना है कि हमारा आंदोलन असहयोग आंदोलन है एवं राज्य के चिकित्सकों एवं निजी अस्पतालों की लड़ाई सरकार की गलत नीतियों से आम जनता से नहीं, इसीलिए हड़ताल की बजाए केवल सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का बहिष्कार कर गांधीवादी तरीके से अपना विरोध प्रकट करने का निर्णय लिया गया है डॉ प्रदीप शारदा का भी कहना है कि मुफ्त का सिस्टम स्थाई नहीं होता है कोई भी व्यवसाय व्यापार अथवा उद्यम अनिश्चितकाल तक मुफ्त सेवाएं नहीं दे सकता, यदि निजी हॉस्पिटलों को निशुल्क सेवा के लिए बाध्य किया गया तो इन हॉस्पिटलों का बंद होना तय है। शनिवार को प्रेस वार्ता के दरमियान स्थानीय चिकित्सालय के चिकित्सकों ने राइट टू हेल्थ बिल की विसंगतियों को लेकर विरोध करने की बात कही जिसमें उन्होंने निम्न तथ्य प्रस्तुत किए निजी हॉस्पिटल के चिकित्सकों का कहना है कि यदि ये बिल कानून बनता है तो निजी अस्पतालों का अस्तित्व संकट में आएगा जो राज्य की 65% जनता को त्वरित अफॉर्डेबल स्वास्थ्य सेवा दे रहे हैं , फ्री सेवा देने के डर से आपातकालीन स्थिति में अस्पताल मरीजों के इलाज से बचेंगे एवं उसे फर्स्ट एड देकर रेफर करना चाहेंगे, रोगी एवं चिकित्सक का रिश्ता प्रभावित होगा, राजस्थान के चिकित्सकों को अन्य राज्यों में पलायन करना पड़ेगा, उक्त एक्ट की आड़ में छूट भैया नेता चिकित्सकों के साथ दुर्व्यवहार करने की आशंका बनी रहेगी, यदि यह बिल कानून बनता है तो जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय समिति के निर्णय को किसी भी अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती है, 50 से अधिक लाइसेंस के बोझ तले दबे निजी अस्पतालों पर एक अनावश्यक एक्ट का बोझ और बढ़ जाएगा, वहीं चिकित्सकों एवं निजी अस्पतालों पर नियंत्रण के लिए पहले से ही बहुत से कानून और प्राधिकरण है एक नए प्राधिकरण की कतई आवश्यकता नहीं है, चिकित्सकों का यह भी कहना है कि किसी भी व्यक्ति संस्थाओं को निशुल्क काम करने के लिए मजबूर करना अनुचित है उक्त वार्ता के दरमियान डॉ प्रदीप शारदा,डॉ सी पी सिंहल, डॉ गंगवाल,डा प्रदीप जैन,डॉ बी सी सोढ़ी, डॉ दिलीप टाक, दिलीप चौधरी, डॉक्टर गोविंद नाटानी, डॉ एम पी गोयल, डॉ जितेंद्र हरवानी, डॉ राजकुमारी नाटानी, डॉ लोकेश, डॉ नरेंद्र आनंददानी, डॉ जलश, डॉ राठी, ,डॉ जगजीत जैन, डॉ अलानूर खान डॉ राकेश शर्मा, डॉ विमल सोनीः डॉ क्षमा शील गुप्ता, डॉ आरआर हेड़ा, डॉ आशीष गुप्ता ,डा प्रमोद सक्सेना, डॉ . प्रकाश इत्यादि चिकित्सक विद्यमान रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

डब्ल्यूपीएल : मुंबई-दिल्ली के बीच महामुकाबला आज, बेबोर्न स्टेडियम में लगेगा रनों का अंबार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कप्तान हरमनप्रीत कौर की खराब फॉर्म के बावजूद मुंबई इंडियंस की टीम दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले महिला प्रीमियर लीग फाइनल में खिताब जीतने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

■ फाइनल मैच का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर शाम 7.30 बजे से

भारतीय कप्तान ने टूर्नामेंट के शुरू में तीन अर्धशतक जमाए थे लेकिन वह अपनी इस फॉर्म को बरकरार नहीं रख पाई। उन्होंने यूपी वारियर्स के खिलाफ एलिमिनेटर में केवल 14 रन बनाए। इस मैच में नैट साइवर ब्रंट ने शुरू में मिले जीवनदान का फायदा उठाकर नाबाद 72 रन की पारी खेली और अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाया। मुंबई को फाइनल में यदि बड़ा स्कोर खड़ा करना है तो हरमनप्रीत हो अच्छी पारी खेलनी होगी जबकि साइवर ब्रंट को भी अहम योगदान देना होगा।

लैनिंग, कैप का दिखेगा तूफान

ऑस्ट्रेलिया की दिग्गज और दिल्ली की कप्तान मेग लैनिंग मुंबई की कप्तान की लचर फॉर्म का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगी। दिल्ली कैपिटल्स ने धीरे-धीरे लय हासिल करके मुंबई को अंक तालिका में शीर्ष से हटाया था। उसकी तरफ से बल्लेबाजी में अभी तक लैनिंग और दक्षिण अफ्रीका की ऑलराउंडर मारिजाने कैप ने शानदार प्रदर्शन किया है। इसके बावजूद इन दोनों टीमों में से किसी को भी फाइनल में जीत का प्रबल दावेदार नहीं माना जा सकता है।

लीग चरण में थे समान अंक

दोनों टीमों के प्रदर्शन को देखते हुए खिताबी मुकाबला रोमांचक होने की संभावना है। लीग चरण में दिल्ली और मुंबई ने एक दूसरे के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज की थी। इन दोनों टीमों ने लीग चरण में समान 12 अंक हासिल किए थे लेकिन दिल्ली की टीम बेहतर रन रेट के आधार पर चोटी पर रही। फाइनल बेबोर्न स्टेडियम पर खेला जाएगा जिसमें मुंबई में अभी तक अपने तीनों मैच जीते हैं।

मुंबई : आक्रामक बल्लेबाज

मुंबई की तरफ से अभी तक साइवर ब्रंट ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने अभी तक टूर्नामेंट में 272 रन बनाने के अलावा 10 विकेट भी लिए हैं। मुंबई के पास हेली मैथ्यूज के रूप में एक और उपयोगी ऑलराउंडर है जिन्होंने अभी तक 258 रन बनाने के अलावा 13 विकेट भी लिए हैं। इसके अलावा यास्तिका भाटिया ने बल्लेबाजी में आक्रामक रवैया दिखाया है। जहां तक मुंबई की गेंदबाजी का सवाल है तो सैका इशाक ने 15 विकेट लेकर अपनी उपयोगिता साबित की है। इसके अलावा उसके पास इसाबेल वोंग (13 विकेट) और अमेलिया केर (12) जैसे उपयोगी गेंदबाज हैं।

दिल्ली : लैनिंग सर्वश्रेष्ठ स्कोरर

दिल्ली की कप्तान लैनिंग पहले डब्ल्यूपीएल का खिताब जीतकर अपने नाम पर एक और ट्रॉफी दर्ज करना चाहेंगी। उनकी अगुवाई में ऑस्ट्रेलिया ने हाल में दक्षिण अफ्रीका में रिकॉर्ड पांचवी बार टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। ऑस्ट्रेलिया की कप्तान ने अभी तक डब्लूपीएल में सर्वाधिक 310 रन बनाए हैं। दिल्ली की तरफ से मारिजाने कैप और एलिस कैप्सी ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। उसे अगर खिताब जीतना है तो उसकी टीम में शामिल भारतीय खिलाड़ियों जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, शिखा पांडे और राधा यादव को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

टीम इस प्रकार हैं

दिल्ली कैपिटल्स : मेग लैनिंग (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, एलिस कैप्सी, राधा यादव, शिखा पांडे, मारिजाने कैप, टाइटस साधु, लौरा हैरिस, तारा नॉरिस, जसिया अख्तर, मिन्नू मणि, तान्या भाटिया (विकेटकीपर) , पूनम यादव, जेस जोनासेन, स्नेहा दीप्ति, अरुंधति रेड्डी, अपर्णा मंडल। मुंबई इंडियंस : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), नैट साइवर-ब्रंट, अमेलिया केर, पूजा वस्त्राकर, यस्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हीथर ग्राहम, इसाबेल वोंग, अमनजोत कौर, धारा गुज्जर, सैका इशाक, हेली मैथ्यूज, क्लो ट्राईन, हुमायरा काजी, कोमल जंजाद, प्रियंका बाला, सोनम यादव, नीलम बिष्ट, जिंतमणि कलिता।

खबर संक्षेप

पूर्ण फिटनेस हासिल करने में लगेगा समय

बेंगलुरु। इंडियन प्रीमियर लीग की तैयारियों में जुटे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने कहा कि उनके बाएं पांव की चोट भले ही ठीक हो गई है लेकिन उन्हें पूर्ण फिटनेस हासिल करने में अभी कई महीने लगेंगे। ऑस्ट्रेलिया का यह खिलाड़ी पिछले साल नवंबर में अपनी टीम के टी20 विश्वकप से जल्दी बाहर होने के बाद अपने दोस्त की जन्मदिन की पार्टी में दुर्घटनावश चोटिल हो गया था। मैक्सवेल को इसके बाद ऑपरेशन कराना पड़ा था।

मणिपुर को और मैच मिलने की उम्मीद

इम्फाल। पूर्व भारतीय स्टार रेनेडी सिंह उम्मीद कर रहे हैं कि फुटबॉल के प्रति जुनूनी उनके घरेलू राज्य मणिपुर को निकट भविष्य में राष्ट्रीय टीम के और अधिक मैचों की मेजबानी का मौका मिलेगा। मणिपुर से काफी लंबे समय से राष्ट्रीय टीम को फुटबॉलर मिल रहे हैं और वह अपने पहले अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है और तीन देशों के इस टूर्नामेंट में भारत के अलावा म्यामां और किर्गिस्तान की टीम खेल रही हैं। पूर्व मिडफील्डर रेनेडी 1998 से 2011 के बीच भारतीय टीम के लिए 66 मैचों में खेले थे।

संयुक्त दूसरे स्थान पर ओम प्रकाश

बेंगलुरु। भारत के गोल्फर ओम प्रकाश चौहान ने शनिवार को यहां तीसरे दौर में छह अंडर 66 का कार्ड खेला जिससे वह 13 अंडर 203 के कुल स्कोर के साथ तीन लाख डॉलर इनामी डंकन टेलर ब्लैक बुल गोल्फ चैलेंज में संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गए। चौहान ने अपने इस प्रदर्शन से 11 पायदान की छलांग लगाई। इटली के लोरेंजो स्केलिस ने तीसरे दिन सात अंडर 65 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया। इससे उन्होंने 15 अंडर 201 के कुल स्कोर के साथ दो शॉट की बढ़त हासिल की। चौहान स्पेन के विक्टर पास्टर (67), इंग्लैंड के एशले चेस्टर (68) और स्वीडन के रिकार्ड कार्लबर्ग (69) के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं।

नीतू-स्वीटी विश्व चैंपियन

महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भिवानी की घनघस और हिसार की बूरा ने स्वर्ण पदक जीतकर रचा

गोल्ड जीतने पर पीएम नरेंद्र मोदी ने दोनों को बधाई दी और कहा, हमें अपने खिलाड़ियों पर गर्व है

नई दिल्ली (भाषा)। महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में हरियाणा की दो लाड़लियों नीतू घनघस और स्वीटी बूरा ने गोल्डन पंच लगाकर प्रदेश और देश का मान बढ़ाया है। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित इस चैम्पियनशिप में राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भिवानी के धनाना गांव की नीतू घनघस (48 किग्रा) ने शनिवार को यहां मंगोलिया की लुतसाईखान अल्तानसेतसेग पर शानदार जीत से खिताब अपने नाम किया। भारतीय मुक्केबाज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अल्तानसेतसेग को 5-0 से हराकर न्यूनतम वजन वर्ग का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, हिसार की मुक्केबाज स्वीटी बूरा (81 किग्रा) चीन की वांग लिना को 4-3 से हराकर लाइट हेवीवेट विश्व चैम्पियन बनीं। हरियाणा ने पहली बार देश को दो महिला विश्व चैंपियन दी हैं।

स्वीटी ने शादी के 10 दिन बाद ही शुरू कर दी थी प्रैक्टिस

स्वीटी की शादी सात जुलाई 2022 को रोहतक के दीपक हुड्डा के साथ हुई थी। एक खिलाड़ी होने के नाते दीपक ट्रेनिंग की अहमियत बखूबी समझते हैं। इसी वजह से उन्होंने स्वीटी को कभी प्रैक्टिस करने से नहीं रोका। जरूरत पड़ने पर हमेशा सपोर्ट किया और अब स्वीटी ने देश का नाम रोशन किया है। स्वीटी ने दीपक के साथ शादी की थी और शादी के 10 दिन बाद ही वह अभ्यास में जुट गई थीं। उन्होंने अपनी फिटनेस पर काफी ध्यान दिया। शादी के बाद उन्हें घर का काम भी देखना पड़ता था और उनकी जिम्मेदारी काफी बढ़ गई थी, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और प्रैक्टिस करती रहीं। इसका फायदा उन्हें मिला और अब उन्होंने देश के लिए स्वर्ण पदक जीता है।

हरियाणा ने दी दो विश्व चैंपियन

अब तक ये चैंपियन

- एम सी मैरीकॉम (2002, 2005, 2006, 2008, 2010, 2018)
- सरिता देवी (2006)
- जेनी आर एल (2006)
- लेखा केसी (2006)
- निकहत जरीन (2022)
- नीतू घनघस (2023)
- स्वीटी बूरा (2023)

स्वीटी की अहम उपलब्धियां

- यूथ बॉक्सिंग ट्रेनिंग कंपीटिशन 2011 में गोल्ड।
- 2015 एबीएसी एशियन कॉन्फेडरेशन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सिल्वर।
- 2018 में प्रथम ओपन इंडिया इंटरनेशनल प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल।
- 2018 में उमाखानोव मेमोरियल टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल।
- 2023 में महिला विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक।

मैरीकॉम को हराकर सुर्खियों में आई

मिनी क्यूबा के नाम से जानी जाने वाली नीतू अनुभवी भारतीय मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम को हराकर सुर्खियों में आई थी। रिंग में मैच के दौरान मैरीकॉम को घुटने में चोट लगने के बाद राष्ट्रमंडल खेलों के 48 किग्रा के ट्रायल के बीच में ही हटने के लिए मजबूर होना पड़ा था। 6 बार की विश्व चैंपियन मैरीकॉम को सेमीफाइनल के पहले राउंड में ही नीतू ने धूल चटा दी थी।

2012 में किया सफर शुरू

नीतू ने 2012 में बॉक्सिंग करियर की शुरुआत की थी। उनके कोच जगदीश थे। वह निरंतर मेहनत करती रही है और आज इस मुकाम पर पहुंची है। नीतू चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय से एमपीएड की पढ़ाई कर रही हैं।

नीतू की प्रमुख उपलब्धियां

- 2017 में यूथ वर्ल्ड चैंपियनशिप गुवाहाटी में स्वर्ण पदक।
- 2018 में यूथ एशियन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक।
- 2018 यूथ वर्ल्ड चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक।
- 2022 में सोफिया बुल्गारिया में हुए स्ट्रेडजा कप में गोल्ड।
- 2022 में बर्मिंघम में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण पदक।
- 2023 में नई दिल्ली में विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण।

पूरे देश व बेटियों की जीत : जगदीश

यह जीत पूरे देश की बेटियों की जीत है। नीतू ने देश की झोली में गोल्ड मेडल डालकर इतिहास रच दिया। नीतू मेहनत से कभी भी जी नहीं चुराती। मेहनत की बदौलत नीतू आज यहां तक पहुंची है। -जगदीश, कोच

मनु भाकर ने वर्ल्ड कप में जीता कांस्य पदक

एजेंसी ▶▶| भोपाल

ओलंपियन निशानेबाज मनु भाकर ने शनिवार को यहां आईएसएसएफ पिस्टल/राइफल विश्व कप की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। इससे भारत के पदकों की संख्या सात हो गई है जिसमें एक स्वर्ण शामिल है।

विश्व कप में कई पदक जीत चुकी भाकर ने शुक्रवार को प्रीसिशन दौर में 290 अंक जुटाए और दूसरे दिन रैपिड दौर में प्रवेश किया। शनिवार को रैपिड दौर में उन्होंने फिर 98, 99 और 97 की तीन शानदार सीरीज से कुल 294

अंक जुटाए जिससे वह तीसरे स्थान से रैंकिंग दौर में पहुंची। रैंकिंग दौर के पहले मैच में भाकर ने कुल 14 अंक से तीसरे क्वालीफायर के तौर पर जर्मनी की डोरीन वेनेकैम्प (14 अंक) के साथ पदक दौर के लिए क्वालीफाई किया।

स्विस ओपन : सात्विक-चिराग की जोड़ी खिताब से एक जीत

एजेंसी ▶▶| बासेल

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने शनिवार को यहां एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्विस ओपन सुपर सीरीज 300 बैडमिंटन प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। सात्विक और चिराग ने ओंग यू सिन और टियो ई यी की तीसरी वरीयता प्राप्त मलेशियाई जोड़ी को एक घंटे नौ मिनट तक चले सेमीफाइनल में 21-19 17-21 21-17 से पराजित किया। अब इस

भारतीय जोड़ी का सामना रविवार को चीन के रेन जियांग यु और टान कियांग की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा। इससे पहले भारतीय जोड़ी ने शुक्रवार की रात को खेले गए तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में डेनमार्क के जेपी बे और लासे मोल्हेडे को 54 मिनट में 15-21, 21-11, 21-14 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था।

एम्बाप्पे के 2 गोल, 4-0 से जीता फ्रांस

पेरिस। काइलियन एम्बाप्पे ने कप्तान के रूप में भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए फ्रांस को यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग मैच में नीदरलैंड पर 4-0 से जोरदार जीत दिलाई। विश्व कप के फाइनल में पेनल्टी शूटआउट में अर्जेंटीना से हारने वाले फ्रांस ने बेहतरीन खेल दिखाया।

राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म करने के विरोध में पीएम मोदी का पुतला फूंका

नदबई। लोकसभा सचिवालय की ओर से राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म करने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर प्रदेश में जगह-जगह कांग्रेस जनों की ओर से विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं इसी क्रम में शनिवार को नदबई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हर स्वरूप शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने पुलिस स्टेशन के सामने जोरदार प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला जलाकर अपना गहरा आक्रोश प्रकट किया ' इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस पार्टी के हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर प्रभास चौधरी, एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश संयोजक महेश लखनपुर , पंचायत समिति प्रतिनिधि अशोक बंजारा, समंदर सिंह, पूरा उमेश सहित नदबई ब्लॉक के तमाम कांग्रेस जन उपस्थित रहे ' इस मौके पर नदबई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हर स्वरूप शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के बाद देश के नंबर वन लोकप्रिय नेता बन गए हैं जिसकी वजह से भारतीय जनता पार्टी के नेता राहुल गांधी की लोकप्रियता से घबराए हुए हैं, राहुल गांधी संसद के अंदर और संसद के बाहर अडानी के भ्रष्टाचार के मामले को जोर-शोर से उठा रहे हैं, राहुल गांधी ने संसद में अडानी के भ्रष्टाचार से जुड़े विषयों को तथ्यात्मक तरीके से संसद के पटल पर रखने का प्रयास किया था और जोर शोर से इस पूरे मामले की जांच के लिए जेपीसी की गठन की मांग की थी ताकि जांच में दूध का दूध और पानी का पानी सामने आ जाए लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस भ्रष्टाचार के मामले में अदानी का बचाव शुरू से ही कर रहे हैं, इसलिए राहुल गांधी की आवाज को संसद में दबाने के लिए एक रणनीति के तहत राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता खत्म की गई है जिससे भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को गहरा कुठाराघात लगा है हर स्वरूप शर्मा ने कहा कि आज पूरे देश की जनता राहुल गांधी ने अडानी के जिस भ्रष्टाचार का मामला उठाया है।

मोदी यूनिवर्सिटी में फ्रेंच फोनेटिक्स पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

लक्ष्मणगढ़ (विनोद धायल)। फौरन लेंग्वेज विभाग, स्कूल ऑफ लिबरल आर्टस एंड साइंसेज, मोदी यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी की ओर से लेंगर इंटरनेशनल, भारत के सहयोग से फ्रेंच फोनटिक्स पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में प्रो. (डॉ) एस.के. मिश्रा और प्रो. (डॉ.) दिनेश अग्रवाल थे। उन्होंने विद्यार्थियों को फ्रेंच की बारीकियां सीखाई। मुख्य अतिथि कार्यशाला की शुरूआत गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर की गई। दीप प्रज्जवलन के बाद मोदी विश्वविद्यालय के निदेशक डॉ. राजीव माथुर सहित एसएलएएस के डीन डॉ. जितेंद्र बिनवाल ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। डॉ. जितेंद्र बिनवाल ने कार्यशाला के संयोजक के रूप में भाषण दिया और मुख्य अतिथि का स्वागत किया व एक दिवसीय फ्रेंच वर्कशॉप और अन्य भाषाओं पर फ्रेंच भाषा के अमुल्य को भी समझाया। कार्यशाला के संरक्षक डॉ. राजीव माथुर, निदेशक मोदी यूनिवर्सिटी

द्वारा अध्यक्षीय भाषण दिया गया। उन्होंने कहा कि चेयरमैन आरपी मोदी का विजन है कि छात्राएं फोरन लॅग्वेज में पारंगत बने। उन्होंने कहा कि फ्रेंच भाषा का पाठ्यक्रम सिर्फ प्रमाणन के लिए नहीं है बल्कि भाषा के साथ सहज होने और अच्छी तरह से बातचीत करने के लिए है और यह वर्कशाप छात्राओं की समझ को और बढ़ाएगी। फोरन लेंग्वेज विभाग, एसएलएएस प्रमुख डॉ. वी.के. सिंह ने इस कार्यशाला के महत्व और आवश्यकता को समझाया और सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया। प्रथम एवं द्वितीय सत्र की अध्यक्षता प्रो. (डॉ.) एस.के. मिश्रा, नालंदा विश्वविद्यालय, राजगीर ने की। जो दोपहर एक बजे तक चलता रहा। दोपहर 1 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने नृत्य व गायन में अपनी प्रतिभा दिखाई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद कार्यशाला का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

पूजा-अर्चना के साथ निभाई गवरजा को पानी पिलाने की रस्म

गरीबों का सितारा

उमेश कुमार मोदी/बीकानेर। 25 मार्च, 2023। शिवबाड़ी गांव और आसपास की महिलाओं तथा बालिकाओं ने गणगौर पूजन का उत्सव धुमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया। श्रीलालेश्वर महादेव मन्दिर के कुएं बड़ी संख्या में महिलाओं, लड़कियों और बालिकाओं ने सामुहिक रूप से सुन्दर और श्रृंगारित गणगौर, इसर और भाणिये को लेकर पहुँची और सभी रस्में निभाकर पूजा अर्चना की तथा गवरजा को पानी पिलाने की रस्म सम्पूर्ण आस्था के साथ निभाई। इस अवसर पर महिलाओं ने घुमर डालते हुए मंगल गीत गाये, पाळसिये धमकाये सभी की सुख समृद्धि की मंगल कामना की।

उपाध्याय बने चुनाव अधिकारी बीकानेर देहात राजस्थान ब्राह्मण महासभा के

गरीबों का सितारा

उमेश कुमार मोदी/बीकानेर। ब्राह्मण महासभा संबंध ऑल इंडिया ब्राहमण फेडरेशन प्रांतीय चुनाव आयोग ओंकार त्यागी आरजेएस डीजे केडर, (सेवानिवृत्त) प्रांतीय मुख्य चुनाव अधिकारी राजस्थान ब्राह्मण महासभा अपनी पदक शक्तियो का प्रयोग करते हुए श्री सोहन लाल जी उपाध्याय (ठाकर) मेघासर हाल बीकानेर को बीकानेर देहात के अध्यक्ष के निर्वाचन हेतु चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी संबंधित कार्यवाहक जिला अध्यक्ष से संपर्क करके खंड इकाइयों की समय अवधि चुनाव करवाने हेतु खंड चुनाव अधिकारी नियुक्त करेंगे समस्त कार्यवाहक जिला अध्यक्ष /निर्वाचन अधिकारी/ पर्यवेक्षक को विधिवत चुनाव संपन्न करवाने हेतु आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाएंगे।

खाटश्यामजी के गोल्डन वाटर पार्क में 121 फीट ऊंचाई पर लहराएगा तिरंगा

पर्यटक स्थल के रूप में विकसित हुआ गोल्डन वाटर पार्क

गरीबों का सितारा

खाटूश्यामजी (विनोद धायल)। कस्बे के गोल्डन वाटर पार्क में शनिवार को 121 फीट ऊंचा तिरंगा लगाया गया। 121 फीट ऊंचाई पर लगा तिरंगा देशभक्ति का एहसास कराने के लिए लगाया गया है आपको बताते गोल्डन वाटर पार्क क्षेत्र में एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रहा है यह रींगस रोड खाटूश्याम जी पर स्थित है। खाटू श्याम जी के गोल्डन वाटर पार्क पर लगे एक 121 फीट के रंगों को देखने के लिए क्षेत्र में काफी उत्सुकता फैली हुई है। सौ फीट ऊंचाई पर लहराता यह तिरंगा सोशल मीडिया में काफी सुर्खियां बटोर रहा है। पार्क के संचालक उमेश धूड व पेमाराम धूड ने बताया कि गोल्डन वाटर पार्क में आने वाले भक्तों के लिए मल्टी स्टाइल सौंफा, मेट स्टाइल, फैमिली स्टाइल ट्यूब स्टाइल, बैल पुल, रेन डांस, किड्स वोट्स एंड किड्स स्लाइड, मिकी माउस, बुल्स राईड की सुविधा रहेगी। इसके साथ ही नवाचार करते हुए विन्डस्ट्रीम स्टाइल लगाइए जो श्याम भक्तों को तो तूफानी सैर करवायेंगी। गौरतलब है कि बाबा श्याम की नगरी में पर्यटक स्थल के रूप में वाटर पार्क विकसित हुआ है।

बाज्यावास को जिला स्तर का सम्मान मिला

दांतारामगढ़ (विनोद धायल)। ग्राम पंचायत बाज्यावास को उल्लेखनीय कार्य करने पर राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार के प्रथम चरण में जिला स्तर पर सम्मानित किया गया।बाज्यावास सरपंच चंदा धायल व ग्राम विकास अधिकारी कृष्ण अवतार ने यह पुरस्कार लिया। बाज्यावास सरपंच चंदा धायल ने बताया कि वह यह पुरस्कार बाज्यावास की देवतुल्य जनता को समर्पित करती हू।

धीरजपुरा ने नवनियुक्त भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी से की मुलाकात

सीकर (विनोद धायल)। दांतारामगढ़ क्षेत्र से अनेक भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी नवनियुक्त भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी को बधाई देने दिल्ली आवास गए। भारतीय जनता पार्टी पंचायतीराज प्रकोष्ठ सीकर के जिला संयोजक राजेन्द्र धीरजपुरा ने चित्तौड़ के सांसद सी.पी.जोशी को भाजपा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष बनाये जाने पर दिल्ली स्थित निवास पर जाकर मुलाकात की और गुलदस्ता भेंट देकर शुभकामनाएं प्रेषित की। इस शिष्टाचार मुलाकात में धीरजपुरा ने नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष को जीण माताजी एवं खाटूश्यामजी दर्शनार्थ दांतारामगढ़ पधारने का आग्रह किया। जिस पर जोशी ने शीघ्र ही आने का वादा किया।

खेल प्रतियोगिता : पोलो खिलाड़ियों ने जीता आमजन का दिल

एनआरआई क्लब-21 और राजस्थान पोलो क्लब के बीच 12 गोल का मैच हुआ ड्रॉ

गरीबों का सितारा

जयपुर। जयपुर के मशहूर रामबाग पोलो ग्राउंड में शनिवार को बेहद रोमांचक और सांसे अटकाने वाला प्रदर्शन मैच 6-6 की बराबरी पर समाप्त हुआ। एनआरआई क्लब-21 और राजस्थान पोलो क्लब के बीच हुए कड़े मुकाबले में दोनों टीमों ने कुल 12 गोल कर दर्शकों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। रामबाग पोलो क्लब में लगभग 1 घंटे चले रोमांचक और दिलचस्प मैच में दोनों टीमों के प्रशंसकों की ओर से जबरदस्त हूटिंग होती रही। जोश और उत्साह के चरम के बीच राजस्थान पोलो क्लब की ओर से अश्विनी शर्मा ने 3, प्रताप कानोता ने 1 और शुभम गुप्ता ने 2 गोल किए। वहीं एनआरआई क्लब की ओर से विक्रमादित्य सिंह बरकाना ने 2, डीनू धनकड़ ने 2 और लांस वाटसन ने 2 गोल किए। मैच समाप्त होने तक दोनों टीमें 6-6 गोल पर बराबर रही। एनआरआई क्लब 21 की ओर से हिलाली नूरदीन, विक्रमादित्य सिंह बरकाना, लडीनू धनकड और श्री प्रताप कानोता ने मोर्चा संभाला तो राजस्थान पोलो क्लब की ओर से डायमंड, शुभम गुप्ता, अश्विनी शर्मा और लांस वाटसन ने कमान संभाली। मैच के अंपायर महाकीरत सिंह रहे।

बेहद खुश नजर आए क्लब के आवेदक

एनआरआई क्लब 21 की सदस्यता के आवेदकों में से 80 फीसदी लोग ऐसे थे, जिन्होंने पहली बार पोलो मैच में देखा था। ऐसे में उनकी उत्सुकता और कौतूहल देखते ही बन रहा था। उससे भी ज्यादा खुशी इस बात की थी कि बिना किसी टिकट और शुल्क के आवेदकों को मैच देखने का अनूठा मौका मिला। आगामी दिनों में ऐसी कई इवेंट जयपुरवासियों का मनोरंजन करेंगी।

आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा क्लब

अरोड़ा ने बताया कि अन्तरराष्ट्रीय मापदंडों के आधार पर विकसित होने वाले एनआरआई क्लब में आगामी 6 महीनों में अल्फ्रेसको रेस्टोरेंट संचालित होने लगेगा और जल्द ही पूरा क्लब बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने बताया कि क्लब में 25 कमरे बनाए जाएंगे, जहां स्पॉर्टस सुविधाओं के साथ, ऑल वेदर स्विमिंग पूल और अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि निजी सहभागिता के आधार पर ही यहां साज-सज्जा, फर्नीचर्स सहित जरूरी सुविधाएं विकसित कर एनआरआई क्लब-21 को विकसित किया जाएगा। मैच के आयोजन की मुख्य अतिथि पद्मश्री, प्रथम महिला ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट और राजस्थान स्पोर्ट्स काउंसिल की चेयरमैन कृष्णा पूनिया रहीं, जबकि गेस्ट ऑफ उमेश मिश्रा और प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास श्री कुंजीलाल मीणा रहे। इस दौरान क्लब की सदस्यता के लिए आवेदन कर चुके सभी आवेदक, राज आंगन सोसाइटी के निवासी और आवासन मंडल के कार्मिकों ने सपरिवार मैच का आनंद उठाया।

आवेदकों में उत्साह और जोश के लिए रखा प्रदर्शन मैच

आवासन आयुक्त और एनआरआई क्लब-21 के अध्यक्ष पवन अरोड़ा ने बताया कि प्रताप नगर में राजस्थान हाउसिंग बोर्ड और राज आंगन सोसाइटी द्वारा मिलकर विकसित किए जाने वाले एनआरआई क्लब-21 जयपुर ही नहीं प्रदेश का सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त क्लब तैयार हो रहा है। क्लब के आवेदकों में उत्साह और जोश बनाए रखने के लिए यह प्रदर्शन मैच खेला गया।

डॉ पंकज गुप्ता के नेतृत्व में ब्रजभूमि कल्याण परिषद की टीम ने नवीन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी का किया भव्य अभिनंदन

मेवात विकास बोर्ड राजस्थान की धरती पर एक कलंक इसे तुरंत भंग किया जाना चाहिए: डॉ पंकज गुप्ता

गरीबों का सितारा

रुपेश शर्मा। आज दिनांक 25 दिसंबर 2023 को ब्रजभूमि कल्याण परिषद की टीम डॉ पंकज गुप्ता के नेतृत्व में चित्तौड़गढ़ सांसद और भाजपा,

केंद्रीय नेतृत्व द्वारा नवनियुक्त राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के आवास पर पहुंची और राजस्थान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व मिलने पर उनका भव्य अभिनंदन किया इस मौके पर राजस्थान की शान केसरिया पगड़ी पहनाकर, केसरिया पटके उड़ा कर ब्रजभूमि कल्याण परिषद के कार्यकताओं ने उन्हें गुलदस्ता भेंट किया गया और परिषद के आंदोलन और सेवा कार्यों के बारे में विस्तार से बताया इस मौके पर डॉ पंकज गुप्ता ने कहा की ब्रजभूमि कल्याण परिषद 30 वर्षों से राजस्थान के ऊपर कलंक मेवात विकास बोर्ड जो कि संविधान के खिलाफ तत्कालीन हरिदेव जोशी सरकार ने बनाया था को भंग करने के लिए आंदोलन कर रही है राजस्थान की धरती पर मेवात विकास बोर्ड एक कलंक है, संविधान के खिलाफ है वोटों की खातिर क्षेत्र का सांप्रदायिक विभाजन है और तुष्टिकरण की राजनीति के द्वारा उसी आधार पर इसका गठन किया गया था जिस आधार पर 1947 में भारत की धरती का विभाजन करके पाकिस्तान का निर्माण किया गया था, उन्होंने बताया की यह विकास का नहीं विनाश का बोर्ड है और नवीन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से उन्होंने यह भी कहा की राजस्थान विधानसभा के आगामी चुनाव के घोषणा पत्र के अंदर भी यह बात प्रमुखता से आनी चाहिए कि भाजपा की सरकार संविधान के खिलाफ लिए गए इस निर्णय को बदलेगी और मेवात विकास बोर्ड को भंग करेगी और उसके स्थान पर ब्रज विकास बोर्ड बनाएगी, ब्रज की धरती कृष्ण भक्तों की है और ब्रज की धरती पर यह मेवात का तमगा ब्रजभूमि के लोग नहीं बर्दाश्त कर सकते और इसको भगवान श्री कृष्ण का अपमान मानते हैं ब्रजभूमि का अपमान मानते हैं और 30 वर्षों से यह आंदोलन चल रहा है ब्रजभूमि कल्याण परिषद लगातार इस मुद्दे पर जन जागरण कर रही है कृष्ण भक्तों और संत समुदाय इस मुद्दे पर लामबंद हो रहा है और 15 अप्रैल 2023 को वृंदावन में ब्रजभूमि कल्याण परिषद के तत्वाधान में विशाल ब्रज रक्षार्थ सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पूरे हिंदुस्तान से संत समुदाय और कृष्ण भक्त लामबंद होंगे, चर्चा करेंगे और इस मुद्दे पर आगे की रणनीति बनाएंगे. आज नवीन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करने वालों में अखिल भारतीय गुर्जर महासंघ के प्रवक्ता डॉ राजकुमार गुर्जर एडवोकेट , ब्रजभूमि कल्याण परिषद के जिलाध्यक्ष कैप्टन उमराव लाल सैनी, प्रदेश मंत्री प्रेम प्रकाश शर्मा, संरक्षक संतराम अरोड़ा, नगर अध्यक्ष यशवंत कुमार गुप्ता, गीता परिवार के जिला अध्यक्ष अश्वनी जावली, मनोज शर्मा, रजनीश बांगा, युवा मोर्चा नेता लखन शर्मा, जितेंद्र कौशिक, रविकांत हिंदू आदि दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

मंत्री जूली का जनता दरबार, समस्याओं का समाधान पाकर खिले फरियादियों के चेहरे

गरीबों का सितारा

अलवर, युवराज शर्मा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा कारागार वर विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने शनिवार को मोती डूंगरी स्थित कार्यालय में जनसुनवाई की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निदेर्शानुसार आमजन की समस्याओं के निस्तारण के लिए अलवर व जयपुर मुख्यालय पर नियमित रूप से जनसुनवाई की जा रही है। जनसुनवाई में जिले व प्रदेश से आए लोगों की समस्याओं का समाधान करने की दिशा में विभागीय अधिकारियों को लगातार निर्देश दिए जा रहे है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने बताया कि समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र प्रदेश के लोगों के लिए नियमित रूप से जनसुनवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कुशल नेतृत्व एवं प्रबन्धन में राज्य सरकार प्रदेशवासियों के जनकल्याण के लिए निरंतर उल्लेखनीय कार्य कर रही है। राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक तबके के लोगों को मिल सके इस उद्देश्य से जनसुनवाई की जा रही है। उन्होंने समाज कल्याण विभाग के अतिरिक्त निदेशक रविकांत को निर्देश दिए की पालनहार, विधवा पेंशन ,छात्रवृत्ति, वृद्धावस्था पेंशन, एकलनारी एवं दिव्यांगों के लिए विभाग की योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से जनसुनवाई में ही पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाये।

किसानों की फसल का सर्वे कराने के दिए निर्देश

अधिकारी आमजन के जायज कार्यों को त्वरित निस्तारित करे - मंत्री जूली

गरीबों का सितारा

युवराज शर्मा, अलवर । सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने आज सर्किट हाउस में अलवर ग्रामीण क्षेत्र के उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देशित किया राज्य सरकार जीरो टोलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। अधिकारी एवं कर्मचारी आमजन से जुड़े कार्यों को निष्पक्षता व पारदर्शिता से सम्पादित करे। मंत्री जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अलवर जिले में हुई अतिवृष्टि एवं ओलावृष्टि से फसल खराबे का आकलन कराने हेतु गिरदावरी कराने एवं नियमानुसार मुआवजा देने की कार्रवाई प्रारम्भ करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि सीएम गहलोत के निदेर्शों की अनुपालना में सर्वे एवं गिरदावरी के कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण कर किसानों को नियमानुसार उचित मुआवजा दिलाने की कार्यवाही करे। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि फसल मुआवजे हेतु टोल फ्री नम्बर एवं कृषि एवं बीमा कम्पनी के प्रतिनिधियों के नम्बरों का अधिकाधिक प्रचार प्रसार करावे। साथ ही

काश्तकारों को मुआवजे के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी देकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कराई जाये। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ग्रीष्म ऋतु पेयजल आपूर्ति बाधित ना हो इसके लिए तैयार की गई विशेष कार्ययोजना को प्रभावी रूप में अमल में लावे। उन्होंने कहा कि ट्यूबवैल व एनिकट निर्माण तीव्रगति से किया जाए ताकि गर्मी में होने वाले पानी के संकट से निजात मिल सके। उन्होंने कहा कि अलवर ग्रामीण क्षेत्र में चिन्हित किए गए पेयजल प्रभावित क्षेत्रों में 10 ट्यूबवैल व 40 हैण्डपंप का प्रस्ताव तैयार करे यथाशीघ्र भिजवाए। उन्होंने निर्देश दिये कि पेयजल टैंकरों से की जाने वाली पेयजल आपूर्ति की प्रभावी मॉनिटरिंग की जाए इसमें आधुनिक तकनीक जीपीएस आदि का उपयोग करे। उन्होंने कहा कि पेयजल कनेक्शन के दौरान रोड कटिंग कटर के माध्यम से कराई जाए तथा कार्य पूर्ण होते हुए सडक की मरम्मत की जाए। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि परसा का बास, ढहलावास, पलखडी, रतनगढ़ पाला एवं बारा भडकोल में प्रस्तावित जीएसएस का सर्वे आदि कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि कडूकी व कस्बा डहरा को शहर के फिडर से जोड़ने का प्रस्ताव भिजवाए। उन्होंने कहा कि रमजान व नवरात्रि के त्यौहार को देखते हुए बार-बार ट्रिपिंग व बिजली कटौती ना होवे इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने रसद विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि उज्ज्वला योजना के तहत तथा नए राशन किट हेतु पात्र व्यक्तियों को सूचीबद्ध किया जाए ताकि बजट घोषणा के अनुसार अप्रेल माह से मिलने वाले 500 रुपये सिलेण्डर का लाभ मिल सके। उन्होंने समाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पेशन, पालनहार, कन्यादान योजना एवं दिव्यांगों का विशेष सर्वे कराया जाए ताकि पात्र लाभार्थियों को राज्य सरकार की इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि जनाधार कार्ड में आयु की जांच कर विभाग द्वारा पात्र व्यक्तियों को सूचित कर उन्हें लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि मनरेगा के तहत ग्रामीणों को अधिक से अधिक रोजगार व ग्रामीण विकास की दिशा में तीव्र गति से कार्य करे। उन्होंने कहा कि मॉडल तालाब, खेल मैदान, एनीकट व गांवों के सौन्दर्यीकरण के लिए विशेष रूपरेखा तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि गुजुकी में राजीव गांधी सेवा केन्द्र निर्माण कार्य में प्रगति रिपोर्ट बनाकर कार्य को तीव्र गति से किया जाये। उन्होंने मालाखेडा पंचायत समिति भवन के लिए उपखंड अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण एजेंसी के माध्यम से पंचायत समिति भवन का कार्य शीघ्रता से कराया जाए। बैठक में मालाखेडा उपखण्ड अधिकारी धीरेन्द्र सोनी, नायब तहसीदलार मालाखेडा विश्वनाथ प्रताप सिंह, विकास अधिकारी विरेन्द्र शर्मा, सतीश बैरवा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com